उत्तर प्रदेश

के

पुलिस प्रशासन

की

रिपोर्ट

१९५९

मुद्रक

क, राजकीय मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश,

इलाहाबाद

१९६४

उत्तर प्रदेश सरकार

गृह विभाग

पुलिस--क

सं० ३६६८/८-ए--२२०-६०

लखनऊ, दिनांक......अगस्त, १९६१ ई०

संकल्प

पढ़ी गई--उत्तर प्रदेश राज्य के पुलिस प्रशासन की १९५९ की रिपोर्ट

पर्यालोचनायें

१--सामान्य दशा--वर्ष १९५९ के दौरान में आन्दोलनों, हड़तालों, नगरपालिका निर्वाचनों, विशिष्ट व्यक्तियों के आगमन तथा शान्ति और व्यवस्था से संबन्धित अन्य अनेक कार्यों के कारण राज्य की पुलिस को कठोर परिश्रम करना पड़ा। इलाहाबाद के अर्ध कुम्भ के मेले का प्रबन्ध पुलिस पर एक अतिरिक्त भार पड़ा। इलाहाबाद और कानपुर में दो ऐसी दुखद घटनायें हुईं जिनके फलस्वरूप अव्यवस्था फैल गई और हिंसात्मक कार्य किये गये और पुलिस को शान्ति और व्यवस्था पुनः स्थापित करने के लिये आग्नेयास्त्रों का प्रयोग करना पड़ा। इलाहाबाद और लखनऊ विश्वविद्यालयों के आन्दोलनों तथा कानपुर में महिला हाकी मैच से सम्बन्धित विद्यार्थियों के झगड़े से उत्पन्न परिस्थितियों के समय प्रशासन को बहुत चिन्ता रही। यह सन्तोष की बात है कि पुलिस ने इन सभी कठिन अवसरों पर इस भारी परिश्रम को बड़ी प्रसन्नता से और बड़े नियन्त्रण के साथ किया।

कुछ साम्प्रदायिक घटनायें भी हुयीं, किन्तु उनसे परिस्थिति को बिगड़ने नहीं दिया गया। पुलिस और जनता के सम्बन्धों में सुधार करने के लिये बराबर प्रयत्न किये गये। सूचना कक्षों, द्रुतगामी दलों, खोये हुये बच्चों को ढूंढ़नेवाले दलों "हमारे लिये कोई सेवा दलों" आदि ने अच्छा कार्य किया और अधिकांश जिलों में पुलिस द्वारा संगठित किये गये विनय पक्षों (Courtesy fortnight) और अपराध निरोधक सप्ताहों के फलस्वरूप जनता से पुलिस का सम्पर्क और अधिक घनिष्ट हो गया।

२--अपराध--सरकार को विदित है कि सच्चे हस्तक्षेप्प, अभिलिखित मामलों की संख्या १९५८ के ६६,१५४ से घटकर इस वर्ष ६४,२७२ हो गई, यद्यपि १९५८ के आपराधिक आंकड़ों की तुलना में आलोच्य वर्ष में डकैती, राहजनी तथा हत्या के मामलों में थोड़ी सी वृद्धि हुई। किन्तु पुलिस डकैती की समस्या का सामना बड़े उत्साह के साथ करती रही और वह कुख्यात डाकुओं के भीषण गिरोहों को नष्ट करने में सफल हुई। ग्राम प्रतिरक्षा समितियां समस्त राज्य में अच्छा कार्य करती रहीं और उनके सदस्यों ने साहसपूर्वक डाकुओं के गिरोहों का सामना किया।

३--अपराधों का पता लगाना--१९५९ में जितने मामलों की रिपोर्ट की गई उनकी तुलना में सिद्धदोष मामलों के प्रतिशत में कुछ सुधार हुआ। अनुसन्धान

किये गये सच्चे मामलों की तुलना में सिद्धदोष मामलों के प्रतिशत में थोड़ी सी कमी हुई। प्रथम प्रकार के मामलों के सम्बन्ध में इस प्रतिशत में १९५९ में २५ प्रतिशत तक सुधार हुआ। जबकि १९५८ में २४.५ प्रतिशत सुधार हुआ था और दूसरे प्रकार के मामलों के सम्बन्ध में यह प्रतिशत १९५८ के २७.८ से घटकर १९५९ में २५ हो गया। निर्णीत मामलों की तुलना में सिद्धदोष मामलों का प्रतिशत १९५८ के ६४ की तुलना में ६३ था। यद्यपि विगत वर्षों की सफलताओं के समान ही इस वर्ष के आंकड़े सन्तोषप्रद हैं, फिर भी यह आशा है कि अनुसन्धान कार्यों में वैज्ञानिक साधनों के और अधिक प्रयोग किये जाने तथा जनता के और अधिक सहयोग से स्थिति में और सुधार होगा।

४—निवारक कार्यवाही—दंड प्रक्रिया संहिता (Criminal Procedure Code) की धारा १०९ और ११० के अधीन न्यायालयों में भेजे गये मामलों की संख्या में कमी हुई है। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा ११० के अधीन जिन व्यक्तियों के मुचलके लिये गये उनकी संख्या में वृद्धि हुई है।

५—अभिसूचना विभाग—अभिसूचना विभाग की विशेष शाखा तथा सुरक्षा शाखा अच्छा कार्य करती रही। भारत से बाहर की तथा भारत की आन्तरिक दोनों ही प्रकार की राजनैतिक स्थितियों के बदलते रहने के कारण विशेष शाखा को बहुत अधिक कार्य करना पड़ा। सुरक्षा शाखा भी बहुत से उच्च पदधारियों के आगमन के कारण पूरे वर्ष भर अत्यन्त व्यस्त रही।

६—अपराध अनुसन्धान विभाग—अपराध अनुसन्धान विभाग की अपराध शाखा ने पूर्ववत् उच्च स्तर का कार्य दक्षता के साथ पेचीदे मामलों के सम्बन्ध में कार्यवाही की और बहुत से महत्वपूर्ण मामलों में अनुसन्धान कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न किया।

७—प्रादेशिक सशस्त्र कान्स्टेबुलरी—प्रादेशिक सशस्त्र कान्स्टेबुलरी दल अपने कर्तव्यों का निर्वहन बड़ी सफलता पूर्वक करता रहा और राज्य के भीतरी और बाहरी दोनों ही क्षेत्रों में उसने बहुमूल्य सेवा की। उसके सिपाहियों की नैतिकता, सत्यशीलता तथा अनुशासन का स्तर उच्च रहा।

८—रेडियो अनुभाग—हाल के वर्षों में इस संगठन के कार्य में अत्यधिक वृद्धि हुई है और इसकी कार्यवाहियों का क्षेत्र दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। यह अनुभाग अत्यन्त लाभप्रद सेवा प्रदान करता रहा।

९—राज्य की अग्निशमन सेवा—राज्य की अग्नि शमन सेवा ने जो राज्य के पंच महानगरों में कार्य करती है, आग बुझाने तथा आग से बचाव करने के सम्बन्ध में बहुत कठिन परिस्थितियों में उपयोगी कार्य किया। उन्होंने वर्ष में ५९० अग्नि शमन सम्बन्धी मामलों में काम किया और १२६ मनुष्यों तथा ३६ पशुओं की जान बचाई। इसके अतिरिक्त लगभग एक करोड़ रुपये की सम्पत्ति भी बचा ली गई।

१०—अनुशासन—भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिये लगातार प्रयत्न किये गये। राजपत्रित अधिकारियों ने समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण किये और भ्रष्ट कार्यवाहियों पर अपेक्षाकृत अधिक बड़ी नजर रखी गई, अपराध को छिपाने की या उसके न्यूनीकरण की शिकायतों पर कार्यवाही की गई और बेईमानी तथा अयोग्यता की शिकायतों की दृढ़ता से जांच की गई।

११—पुरस्कार—प्रशंसनीय कार्यों एवं वीरता के लिये ५ अधिकारियों को राष्ट्रपति का पुलिस तथा फायर सर्विस मेडल और १३ अधिकारियों तथा कान्स्टेबुलों को पुलिस मेडल दिये गये।

१२—हताहत—(casualties) सरकार को इस बात का खेद है कि इस वर्ष अप कर्तव्यों का निर्वहन करते हुये एक असिस्टेन्ट कमान्डेन्ट, दो सब-इन्स्पेक्टर, एक हेड कान्स्टेबिल तथा ११ कान्स्टेबिल मारे गये और १ डिप्टी सुपरिन्टेन्डेन्ट पुलिस, ६ सब-इन्सपेक्टर, ८ हेड कान्स्टेबिल तथा ३९ कान्स्टेबिल बहुत बुरी तरह से घायल हुये और उन्होंने जिस उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया है सरकार उसकी सराहना करती है।

१३—उपसंहार—पुलिस ने आलोच्य वर्ष में समग्र रूप से अपना कार्य बहुत अच्छी तरह किया। राज्यपाल पुलिस महानिरीक्षक तथा पुलिस दल के सदस्यों को उनके उच्च कोटि की राजभक्ति तथा कर्तव्यपरायणता की भावना के लिये बधाई देते हैं और उन्हें यह विश्वास है कि पुलिस दल की सत्यनिष्ठा, कार्यदक्षता तथा अनुशासन की ख्याति और अधिक बढ़ती रहेगी।

आज्ञा

आज्ञा दी गई कि इस संकल्प की एक प्रतिलिपि पुलिस महानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश को भेजी जाय।

यह भी आज्ञा दी गई कि इस संकल्प की एक प्रतिलिपि उत्तर प्रदेश गजट में प्रकाशित की जाय।

आज्ञा से,
अशोक सेन,
गृह सचिव।

भाग १

प्रारम्भिक--१९५९ में राज्य पुलिस को आन्दोलनों, हड़तालों, नगरमहापालिकाओं के चुनावों, प्रतिष्ठित व्यक्तियों के आगमन और साथ ही शान्ति तथा व्यवस्था से संबंधित अन्य अनेक कार्यों के कारण अत्यधिक परिश्रम करना पड़ा। इलाहाबाद में अर्द्ध कुंभ मेले की व्यवस्था करना पुलिस पर अतिरिक्त भार था। इलाहाबाद और कानपुर में दो दुखद घटनायें हुयीं जिनके फलस्वरूप जनता में अशान्ति फैल गई और बड़े पैमाने पर हिंसात्मक कार्य किये गये और पुलिस को फिर से शान्ति स्थापित करने के लिये आग्नेय अस्त्रों का प्रयोग करना पड़ा। इलाहाबाद और लखनऊ विश्वविद्यालयों में आन्दोलनों तथा कानपुर में महिला हाकी मैच के संबंध में विद्यार्थियों के उपद्रव से उत्पन्न स्थितियों ने पुलिस को चिन्ताकुल कर दिया था। यह सन्तोष की बात है कि पुलिस ने इन सभी कठिन अवसरों पर इस बहुत बड़े कार्य-भार को खुशी से वहन किया।

पुलिस तथा जनता के पारस्परिक सम्बन्धों को सुधारने के लिये पूर्ववत प्रयत्न किये गये। सूचना कक्षों, द्रुतगामी दलों, खोये हुये बच्चों को ढूंढ़ने वाले दलों, "हमारे लिये कोई सेवा दलों" आदि ने प्रसंशनीय कार्य किया और द्रुतगामी दलों द्वारा अनेक अवसरों पर तुरन्त कार्यवाही किये जाने के फलस्वरूप काफी जटिल स्थितियां काबू में आ गईं। अधिकांश जिलों में विनय पक्ष (courtesy fortnight) तथा अपराध निवारक सप्ताह संगठित किये गये जिनसे पुलिस को जनता के और अधिक निकट लाने में अच्छी सफलता मिली।

ग्राम प्रतिरक्षा समितियों ने सम्पूर्ण राज्य में पूर्ववत अच्छा कार्य किया और उन्हें डाकुओं के दलों तथा दुश्चरित्र लोगों का अनेक बार सामना करना पड़ा। यद्यपि दुर्भाग्य से कुछ ग्रामीण ऐसा करने में हताहत हुये। बुलन्दशहर जिले के ग्रामीणों ने जिस भावना का प्रदर्शन किया वह इस सम्बन्ध में एक विशिष्ट सफलता थी जिसमें ग्राम प्रतिरक्षा समितियों ने दुश्चरित्र लोगों के आतंक का सामना करने के लिये अपने पास आग्नेय अस्त्रों को रखने के निमित्त बड़ी धनराशि का अंशदान किया। समितियों के ऐसे सदस्यों को, जिन्होंने अपराधियों का सामना करने में प्रशंसनीय, उत्साह दिखाया, बन्दूक के लाइसेंस दिये गये, पुरस्कार स्वरूप बन्दूकें, बन्दूक के लाइसेंस, नकद पुरस्कार, आदि दिये गये और जो व्यक्ति मारे गये थे उनके आश्रितों को असाधारण पेंशनें दी गईं।

राज्य पुलिस ने ९,४५८ खोये हुये बच्चों को उनके माता-पिता और संरक्षकों के पास पहुंचाने और ५१४ मामलों में पर्याप्त मूल्य की खोई हुई सम्पत्ति को उनक स्वामियों को वापस करने में जो सामाजिक कार्य किया वह सराहनीय है।

प्राकृतिक विपत्तियों के अवसरों पर भी पुलिस के सिपाहियों ने सहायता दी। बाढ़ों, अकस्मात आग लग जाने के मामलों, आदि में पुलिस कर्मचारियों ने निरन्तर कार्य किया और जरूरतमन्द लोगों की सभी संभव सहायता की। इस सम्बन्ध में उनका कार्य उच्च कोटि का रहा और सामान्यतया उसकी प्रशंसा की गई है। उन्होंने वृद्ध जनों तथा रोगियों की भी सहायता की और स्नान करने वाले कई व्यक्तियों को डूबने से बचाया।

यह सुनिश्चित करने के लिये पूर्ववत प्रयत्न किये गये कि थानों में अपराधों की सही-सही रिपोर्ट दर्ज की जायं और अपराध को घटाकर दिखाने तथा उन्हें

छिपाने की शिकायतों पर तुरन्त कार्यवाही की गई। इस बात को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कि थानों में मामलों की सही-सही रिपोर्ट दर्ज की जायें, राज पत्रित पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में बहुधा अनुसूचित निरीक्षण किये।

परिवाद योजना (Complaints Scheme) का कार्य पूर्ववत अच्छी सफलता के साथ होता रहा और पुलिस दल के भ्रष्ट कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की गई। राज्य सरकार के अन्य विभागों ने भी, जिनमें १९५८ में उत्तर योजना का प्रचार किया गया था। धीरे-धीरे इस योजना का अपेक्षाकृत अधिक उपयोग करना आरम्भ कर दिया है।

राज्य में साम्प्रदायिक प्रकार की कुछ दुखद घटनायें भी हुई थीं, किन्तु पुलिस की तात्कालिक सावधानी तथा स्थिति को युक्तिपूर्वक काबू में लाने के कारण सामान्यतया स्थिति सन्तोषजनक रही।

प्रादेशिक सशस्त्र कान्स्टेबुलरी ने राज्य में तथा राज्य के बाहर, दोनों ही क्षेत्रों में, विभिन्न समस्याओं को हल करने में अपनी कार्यदक्षता के उच्च स्तर को कायम रखा। इस दल के हमारे कुछ शूरवीर सिपाहियों ने अपने कर्तव्यों का पालन करने में अपनी जानें गवाईं।

अभिसूचना विभाग ने राज्य में बढ़ते हुये राजनीतिक तथा अन्य कार्यों के कारण अधिक कार्यभार के होते हुये भी निरन्तर अच्छा कार्य किया और विशेष शाखा ने बहुमूल्य सूचना एकत्र करके भलीभांति अपने कार्यों का पालन किया।

अपराध अनुसन्धान विभाग ने जनता में फिर से पूर्ववत् अपनी ख्याति बनाये रखी और कर्मचारियों की कमी होने पर भी, उसने कार्यक्षमता के उच्च स्तर के साथ जटिल मामलों का पता लगाया।

खेल-कूद के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपनी ख्याति को बनाये रखा और वर्ष के दौरान में उसने कई विजयोपहार (Trophies) जीते।

इस राज्य को मई, १९५९ में नैनीताल में अखिल भारतीय पुलिस कल्याण तथा सांस्कृतिक समारोह संगठित करने का विशिष्ट अवसर मिला जिसमें कई राज्यों ने भाग लिया। इस समारोह को बड़ी सफलता प्राप्त हुई और कल्याणकारी कार्य-कलाप के सम्बन्ध में आयोजित गोष्ठी से इस राज्य को ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों को भी अपने कल्याणकारी कार्य-कलाप में और अधिक सुधार करने की बड़ी प्रेरणा मिली।

भाग २

अपराध

२—वस्तुतः हस्तक्षेप्य अपराध—१९५९ में दर्ज किये गये वस्तुतः हस्तक्षेप्य अपराधों की कुल संख्या १,२१,४१७ थी, जबकि १९५८ में १,२८,२३६; १९५७ में १,२७,३९३; १९५६ में १,३५,३९१ और १९५५ में १,२४,७०८ अपराध दर्ज किये गये थे। इस वर्ष कुल दर्ज किये गये वस्तुतः हस्तक्षेप्य मामलों की संख्या पिछले पांच वर्षों में ऐसे मामलों की तुलना में सब से कम रही। राज्य पुलिस के लिये यह बात कुछ हद तक सन्तोषप्रद है। शीर्षक १ से ५ तक के अन्तर्गत वस्तुतः हस्तक्षेप्य मामले अर्थात् कुल हस्तक्षेप्य अपराधों में से शीर्षक ६ अर्थात् अन्य हस्तक्षेप्य अपराधों के अन्तर्गत आने वाले अपराधों को कम करके। १९५८ के ६६,१५४; १९५७ के ६४,८५७; १९५६ के ६७,६९३ और १९५५ के ५७,९६० मामलों की तुलना में इस वर्ष घटकर ६४,२७२ हो गये। इस वर्ष ऐसे अपराधों की संख्या में कमी हुई जो कि १९५५ को छोड़कर पिछले वर्षों की संख्या से अपेक्षाकृत कम है। १९५९ में शीर्षक ६ (अर्थात् अन्य हस्तक्षेप्य अपराध) के अन्तर्गत हस्तक्षेप्य मामलों की संख्या १९५८ की ६२;०८२, १९५७ की ६२,५३६; १९५६ की ६७,६९८ और १९५५ की ६६,७४८ की तुलना में घटकर ५७,१४५ हो गई। उपर्युक्त पिछले चारों वर्षों की तुलना में इस वर्ष ऐसे अपराधों की संख्या सब से कम रही। विभिन्न शीर्षकों के अन्तर्गत पिछले पांच वर्षों के वस्तुतः हस्तक्षेप्य अपराधों की संख्या नीचे दी गई है :—

	१९५९	१९५८	१९५७	१९५६	१९५५
वर्ग १—राज्य, सार्वजनिक शान्ति, सुरक्षा तथा न्याय के विरुद्ध अपराध, हस्तक्षेप्य अपराध तथा हस्तक्षेप्य आपराधिक षडयन्त्र को उकसाना	३,१७३	३,३४५	३,३५४	३,४६०	३,०५४
वर्ग २—व्यक्ति के प्रति गंभीर अपराध	१२,७४०	११,७५५	११,२४१	११,२३३	१०,११९
वर्ग ३—व्यक्ति तथा सम्पत्ति या केवल सम्पत्ति के प्रति गंभीर अपराध	१७,५७३	१९,४६७	२०,३५४	२१,५०९	१८,३४७
वर्ग ४—व्यक्ति के प्रति छोटे-मोटे अपराध	८९६	७४८	७६३	८५४	७६०
वर्ग ५—सम्पत्ति के प्रति छोटे-मोटे अपराध	२९,८९०	३०,८३९	२९,१४५	३०,६३७	२५,६८०
वर्ग १ से ५ तक का योग ..	६४,२७२	६६,१५४	६४,८५७	६७,६९३	५७,९६०
वर्ग ६—अन्य हस्तक्षेप्य अपराध जो ऊपर निर्दिष्ट नहीं किये गये हैं	५७,१४५	६२,०८२	६२,५३६	६७,६९८	६६,७४८
समस्त शीर्षकों के अन्तर्गत योग	१,२१,४१७	१,२८,२३६	१,२७,३९३	१,३५,३९१	१,२४,७०८

उपर्युक्त आंकड़ों से यह प्रकट होता है कि व्यक्ति के प्रति बड़े तथा छोटे-मोटे अपराधों की संख्या में कुछ वृद्धि हुई है, किन्तु अन्य सभी प्रकार के अपराधों में कमी हुई है। वर्ग २ तथा ४ के अन्तर्गत व्यक्ति के प्रति अपराधों में वृद्धि के मुख्य कारण दलगत झगड़े, भू-सम्पत्ति सम्बन्धी विवाद, पुरानी शत्रुता तथा प्रेम सम्बन्धी मामले हैं। ग्राफ संख्या १ में वर्ग १ से ५ तक के अन्तर्गत ऐसे हस्तक्षेप्य अपराधों की बक्र रेखा दिखाई गई है जो संबद्ध वर्षों में निपटाये गए और ग्राफ संख्या ७ में दोषसिद्ध मामलों की जांच किये गये वास्तविक मामलों के साथ प्रतिशत दिखाया गया है। प्रति १०,००० व्यक्तियों की आबादी में अपराध की स्थिति, जिसमें मैजिस्ट्रेटों को रिपोर्ट किये गये मामले तथा वर्ग १ से ५ तक के अपराध भी सम्मिलित हैं, १९५९ में ११.९ होती है, जबकि यह स्थिति १९५८ में ११.८; १९५७ में १०.८; १९५६ में ११ और १९५५ में १०.४ थी। इस प्रकार इसमें १९५८ के आंकड़ों की तुलना में नाममात्र की वृद्धि हुई है और अन्य वर्षों की तुलना में प्रायः बराबर की वृद्धि हुई है। जब कभी दोष-सिद्धि का प्रतिशत कम होता है तब इस प्रकार की वृद्धि दृष्टिगोचर होती है। नैनीताल में अपराधों की संख्या सबसे अधिक थी तथा उसका प्रतिशत प्रति १०,००० की आबादी पर ३३.०९ था। अन्य जिले, जहां पर अधिक अपराध हुये, लखनऊ, रामपुर, देहरादून तथा मुरादाबाद थे और वहां की प्रति १०,००० व्यक्तियों की आबादी पर अपराध का प्रतिशत क्रमशः ३२.३२; २८.०३; १८.५ तथा १७.०८ था। रेंजों में से कानपुर रेंज में अपराधों की व्यापकता सबसे अधिक थी तथा प्रति १०,००० की आबादी पर १४.६० मामले हुये, इससे कम क्रमशः लखनऊ रेंज में १४.३६; मेरठ रेंज में १४.२२; बरेली रेंज में १४.०८; आगरा में १३.१४; वाराणसी रेंज में ८.२४ और गोरखपुर में ७.२६ मामले हुये।

३---अहस्तक्षेप्य अपराध---१९५९ में हस्तक्षेप्य अपराधों की कुल संख्या १,२१,०२९ थी जबकि ऐसे मामलों की संख्या १९५८ में १,२५,५०८, १९५७ में १,०४,२८३, १९५६ में १,६८,५१२ तथा १९५५ में १,७७,०२५ थी। पिछले पांच वर्षों के अहस्तक्षेप्य अपराधों के वर्गानुसार ब्योरे नीचे दिये गये हैं:--

	१९५९	१९५८	१९५७	१९५६	१९५५
वर्ग १---राज्य, सार्वजनिक शान्ति, सुरक्षा तथा न्याय के विरुद्ध अपराध	२,०१८	२,३८६	३,११५	४,४८९	४,४८६
वर्ग २---व्यक्ति के विरुद्ध गम्भीर अपराध	६	१०	११	२२	२१
वर्ग ३---व्यक्ति, सम्पत्ति या केवल सम्पत्ति के विरुद्ध गंभीर अपराध	१४४	१७८	२१९	१२८	१५३
वर्ग ४---व्यक्ति के विरुद्ध छोटे-मोटे अपराध	९,६११	९,५८१	९,६७७	१२,१४७	११,७६५
वर्ग ५---सम्पत्ति क विरुद्ध छोटे-मोटे अपराध	•२,२७३	२,७९९	२,५८३	२,५१७	३,०१५
वर्ग ६---अन्य अपराध जो ऊपर निर्दिष्ट नहीं है	१८,०४२	१३,९४०	२१,३९८	२६,८१३	२०,६६९
प्रकीर्ण---विशेष तथा स्थानीय विधियों के अन्तर्गत किये गये अन्य अपराध जो पुलिस द्वारा हस्तक्षप्य नहीं हैं	८८,९३५	९६,६१४	६७,२८०	१,२२,३९९	१३६९१६

४—डकैती—१९५९ में डकैती के दर्ज किये गये मामलों की कुल संख्या में थोड़ी सी वृद्धि हुई है। डकैती के मामलों की संख्या १९५९ में ८४९ है, जबकि १९५८ में यह संख्या ८२५; १९५७ में ९०७; १९५६ में ९३२ तथा १९५५ में ८४४ थी। ग्राफ संख्या ३ में पिछले पांच वर्षों के डकैती के मामलों की संख्या दिखाई गई है। १९५९ के आंकड़े अन्य आलोच्य वर्षों के आंकड़ों से मिलते-जुलते हैं। १९५९ के आंकड़ों में इंडियन पैनल कोड की धारा ३९९/४०२ के अधीन मुठभेड़ के १२३ मामले भी सम्मिलित हैं, जबकि १९५८ में ऐसे मामलों की संख्या १०६ थी। इस प्रकार जो डकैतियां हुयीं उनकी वास्तविक संख्या १९५९ में ७२६ और १९५८ में ७१९ निकलती है और इस प्रकार १९५८ की तुलना में जबकि डकैती के मामलों की संख्या आलोच्य पांच वर्षों में सबसे कम थी, १९५९ में डकैती के ७ मामलों की नाममात्र की वृद्धि हुई है। डकैती के मामलों में नाममात्र की वृद्धि आर्थिक स्थिति तथा मूल्यों में सामान्य वृद्धि के कारण हुई।

रेंज के अनुसार डकैती के मामलों की समीक्षा से यह प्रकट होता है कि आगरा रेंज में इस वर्ष सबसे अधिक डकैतियां हुयीं जिनकी संख्या २०१ थी। आगरा रेंज में ऐसे मामलों की संख्या १९५८ के १७९ से बढ़कर १९५९ में २०१ हो गई तथा कानपुर रेंज में १९५८ में ९३ की तुलना में १९५९ में १२६ मामले दर्ज किये गये। गोरखपुर रेंज में ७५ मामले दर्ज किये गये, जबकि १९५८ में ६९ मामले दर्ज किये गये थे और सरकारी रेलवे पुलिस ने ७ मामले दर्ज किये, जबकि १९५८ में ४ मामले दर्ज किये गये थे। अन्य सभी रेंजों में डकैती के दर्ज किये गये मामलों की संख्या में कमी हुई है। लखनऊ में १७१, बरेली में १५२, वाराणसी में ३७ और मेरठ में ८०, जबकि १९५८ में इनकी संख्या क्रमशः १८९, १७०, ४१ तथा ८० थी। अलग-अलग जिलों में सबसे अधिक डकैती के मामले झांसी में ४८, अलीगढ़ में ४०, बदायूं में ३९, फर्रुखाबाद में ३७, कानपुर में ३३, बहराइच में ३१ तथा शाहजहांपुर में २८ हुये। १९५९ में डकैती के साथ-साथ हत्या के १३० मामले दर्ज किये गये जबकि ऐसे मामलों की संख्या १९५८ में ८७, १९५७ में १०३, १९५६ में १२० तथा १९५५ में ११२ थी। डकैती के ऐसे मामलों की संख्या, जिनमें आग्नेय अस्त्रों का प्रयोग किया गया, १९५९ में ७०० थी, जबकि ऐसे मामलों की संख्या १९५८ में ६४८, १९५७ में ६६३, १९५६ में ७८१ तथा १९५५ में ६६९ थी। डकैती की इन दोनों प्रकार की संख्याओं में, जिनमें डकैती के साथ-साथ हत्या भी की गई तथा जिनमें आग्नेयास्त्रों का प्रयोग किया गया, इस वर्ष वृद्धि हुई है और यह मुख्यतय जेहान सिंह, दरियाव सिंह तथा रूपा आदि के गिरोहों की कार्यवाहियों के कारण हुई है किन्तु इनमें से अधिकांश गिरोहों का इस वर्ष सफाया कर दिया गया है।

प्रायः सभी जिलों में पुलिस भीषण डकैती की समस्या का बड़े साहस से सामना करती रही और उसे कई ऐसे भीषण गिरोहों तथा बड़े और कुख्यात डाकुओं को समाप्त करने में सफलता मिली जो कि पिछले कई वर्षों से शिरदर्द बने हुये थे। विभिन्न संगठित गिरोहों के विरुद्ध तथा अवैध आग्नेय अस्त्रों को बरामद करने के लिये क्रमबद्ध तथा समन्वित कार्यवाही की गई और इस सम्बन्ध में विशेष आन्दोलन भी चलाये गये। एक ओर पुलिस तथा ग्राम रक्षा समितियों के सदस्यों और दूसरी ओर सुसंगठित सशस्त्र डाकुओं के गिरोहों के बीच कई सफल मुठभेड़ें हुईं और इसके फलस्वरूप कई डकैतों के समाप्त होने के अतिरिक्त बहुत से जिलों में या राज्यों में फैले हुये कई गिरोह या तो समाप्त या शक्तिहीन कर दिये गये। केवल बदायूं में ही ११ मुठभेड़ें हुयीं जिनमें ३ डाकू मारे गये, बहुत से डाकू पकड़े गये और उनके पास से ३३ अवैध आग्नेयास्त्र तथा ११७ कारतूस बरामद किये

गये। दुर्भाग्य से डकैतों के साथ मुकाबला करने में २ सब-इन्सपेक्टरों तथा २ कान्स्टेबुलों की जानें गयीं। १९५९ में ४४ मृतक ग्रामीणों के परिवारों को असाधारण पेंशनें स्वीकृत की गयीं।

आग्नेयास्त्रों को बरामद करने के संबंध में विशेष आन्दोलन से सराहनीय सफलता मिली। केवल आगरा, बरेली तथा मेरठ के रेंजों में ६ विदेशी राइफलें, ९३ बन्दूकें और २८ रिवाल्वर तथा पिस्तौलें, १५० दशी बन्दूकें और १,४८४ रिवाल्वर तथा पिस्तौलें बरामद की गयीं। कानपुर रेंज में भी ३११ चुराई हुयीं या अवैध आग्नेयास्त्र बरामद किये गये। यह संतोष की बात है कि बदायूं, पीलीभीत, मथुरा तथा सीतापुर के जिलों में आग्नेयास्त्रों के कम से कम पांच छोटे कारखानों का पता लगाया गया।

चम्बल घाटी के गिरोहों के विरुद्ध विशेष कार्यवाहियां की गई जिसके फलस्वरूप बड़ी सफलता मिली और रूपा के गिरोह को, जो पिछले कई वर्षों से जघन्य अपराध कर रहा था, बुरी तरह से क्षति पहुंचायी गयी। इस घाटी के कुख्यात गिरोहों में से मध्य प्रदेश के लाखन सिंह के गिरोह को समाप्त करना अब बाकी रह गया है।

१९५९ में ५२ डाकू मारे गये तथा ५,४६३ डाकू गिरफ्तार किये गये।

मारे गये डाकुओं में से निम्नलिखित डाकू प्रमुख थे :—

दरयाव सिंह, सहारनपुर का अति भयंकर हत्यारा तथा बदमाश, अलीगढ़ का जुहान सिंह, रूपा के गिरोह का मुख्य साथी लायक सिंह तथा उसका दूसरा सदस्य निहाल सिंह, चम्बल घाटी का कुख्यात डाकू दफेदार सिंह, जिसने मध्यप्रदेश तथा राजस्थान में भयंकर अपराध किये थे, मोहरमनिया काछी, जो पहले लाखन सिंह के गिरोह में था, मथुरा का गिरराज गूजर, मेरठ का [illegible]राज, बदायूं में ब्रिजराज खान, शाहजहांपुर में चुटकई तथा मोहन चमार, बस्ती का रामलोट और झांसी का कुख्यात डाकू अजोधी गोंड।

गिरफ्तार किये गये डाकुओं में से निम्नलिखित उल्लेखनीय हैं।

सरदार बीचा सिंह, जो अन्तर्राज्यीय गिरोह का सरदार था, गिरराज गूजर का साथी ग्यासी, रूपा के गिरोह का राम सीता, बृजराज खान का साथी बेवा, बिहारी जाटव, खीरी का नरायन, गोला बैंक रेल डकैती का फरारी, हरदोई का रामचरन काछी, नन्दलाल केवट, गोरखपुर के रामवृक्ष तथा सम्वत्त, बस्ती का पारस, बलिया के राम सूरत चमार तथा दीना अहीर।

इनके अतिरिक्त जालौन में कबूतरी नटों का एक गिरोह गिरफ्तार किया गया और बहराइच में समद खान के गिरोह को जो कि नैपाल में भी फैला हुआ था, जहीर और नेतराम, आरा (बिहार) का शिव नन्दन लोनिया, सीताराम दुबे तथा मास्टर ओरी के गिरोहों को भी समाप्त किया गया।

मेरठ, बुलन्दशहर, बदायूं, फतेहगढ़, मथुरा, झांसी, खीरी, वाराणसी, देवरिया तथा गोरखपुर के जिलों में डकैतों के कई गिरोहों से मुकाबिला करने में अति उत्तम कार्य किया गया जिसके फलस्वरूप वे समाप्त हो गये। बाकी बड़ी संख्या में डकैत, बहुत से आग्नेयास्त्रों के सहित पकड़े गये।

इस वर्ष दर्ज किये गये कुछ सबसे अधिक महत्वपूर्ण डकैती के मामले निम्नलिखित हैं—

(१) ४ दिसम्बर, १९५९ को लगभग २.३० बजे अपरान्ह में भारी हथियारों से लैस ९ अपराधी इलाहाबाद बैंक, बरेली के अन्दर घुस गये और २४,४४५ रु० २२ न० पै० की धनराशि

लूटकर रोडवेज की टैक्सी में भाग गये जिसे उन्होंने पहले ही किराये पर ले लिया था। उक्त टैक्सी के ड्राइवर को नहर की एक सड़क के नजदीक लोहे की जंजीर से हाथ–पैर बांध कर छोड़ दिया गया था उक्त टैक्सी तथा कुछ अपराधियों के बिस्तर और एक स्टेन गन राउन्ड एक रेलवे स्टेशन के नजदीक सुनसान जगह में पड़े पाये गये। इस मामले का पता अपराध अनुसंधान विभाग द्वारा लगाया गया और इसका उल्लेख शीर्षक "अपराध अनुसंधान विभाग" के अन्तर्गत किया गया है।

(२) जनवरी, १९५९ में खीरी जिले में रेल गाड़ी की डकैती का एक बहुत गंभीर मामला हुआ जिसमें २,५०,००० रु० की धनराशि, जो लखीमपुर–खीरी के स्टेट बैंक से उसके गोला-गोकर्णनाथ के आफिस को ले जाई जा रही थी, हताश शिक्षित युवकों द्वारा लूटी गई, जो दूर–दूर के स्थानों से आये थे और जो अपने जघन्य कार्यों को पूरा करने में भयप्रद तरीकों को काम में लाते थे। डकैतों ने एक मार्ग रक्षक की हत्या की। स्थानीय पुलिस ने गिरोह के बाहर निकलने के सभी सम्भावित मार्गों पर नाकेबन्दी करने और अपराधियों का पीछा करने वाले ग्रामीणों की सहायता करने में जिस उत्साह से कार्य किया वह सराहनीय है और उसे उनमें से दो अपराधियों को मार डालने तथा समस्त लूटी गई सम्पत्ति सहित बाकी दो अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

केवल चम्बल घाटी के लाखन सिंह, फतेहगढ़ के जोधा सिंह तथा झांसी के देवी सिंह और सूरत सिंह पाली के कुख्यात गिरोहों को अभी तक समाप्त नहीं किया जा सका है।

न्यायालयों में विचारार्थ भेजे गये मुकदमों को सफलतापूर्वक चलाने के लिये अथक प्रयास किये जा रहे हैं। वर्ष के दौरान में २,१५५ डाकुओं को विभिन्न अवधियों के लिये कारावास का दन्ड दिया गया। अक्सर ऐसे अपराधी जो जमानत पर छोड़े गये थे, जमानत पर होने की अवधि में अपराध करते पाये गये थे। १९५९ में ८३ ऐसे प्रमुख डाकू, जिन्हें उच्चतर न्याया–लय ने जमानत पर छोड़ दिया था, बाद में जमानत पर रहने की अवधि में दूसरे अपराध करते पाये गये।

५—राहजनी—१९५९ में राहजनी के दर्ज किये गये मामलों की कुल संख्या ५०४ थी, जबकि ऐसे मामलों की संख्या १९५८ में ४७७, १९५७ में ५१७, १९५६ में ५६२ तथा १९५५ में ४१४ थी। राहजनी के मामलों की संख्या इस वर्ष कुछ बढ़ गई है। १९५९ में ४३९ व्यक्ति सिद्धदोष हुये, जब कि १९५८ में ४६०, १९५७ में ३९५, १९५६ में ३४२ तथा १९५५ में ३७० व्यक्ति सिद्धदोष हुये थे। ग्राफ संख्या ४ में पिछले पांच वर्षों के दौरान में किये गये ऐसे अपराधों की संख्या दी गई है। इस प्रकार के अपराध निम्नलिखित जिलों में सबसे अधिक हुये :—

बदायूं ३३ मामले; अलीगढ़ २५ मामले; बरेली २५ मामले; कानपुर २३ मामले; मुरादाबाद २३ मामले।

दर्ज किये गये मामलों की तुलना में सिद्धदोष मामलों का प्रतिशत १९५९ में २०.६ प्रतिशत निकलता है, जबकि यह प्रतिशत १९५८ में २१.५ प्रतिशत; १९५७ में १८.५ प्रतिशत; १९५६ में १७.७ प्रतिशत तथा १९५५ में २१ प्रतिशत था। सिद्धदोष मामलों का प्रतिशत यद्यपि इस वर्ष १९५८ की तुलना में कम था, पर पिछले वर्षों की संख्या की तुलना में अधिक था।

एक महत्वपूर्ण राहजनी का मामला जालौन में हुआ, जिसमें कानपुर की एक फर्म के मुनीम से लगभग १५,००० रुपये लूटे गये। मामले का पूरी तरह से पता लगा लिया गया और अपराधियों से लूटी गई धनराशि की लगभग आधी धनराशि बरामद की गई।

राहजनी के दो महत्वपूर्ण मामले चलती रेल गाड़ियों में हुये। इन मामलों के ब्योरे पैरा २७ सरकारी रेलवे के अन्तर्गत दिये गये हैं। अन्य मामले अधिकतर छोटे–मोटे किस्म के थे जो विशेष रूप से उल्लेखनीय नहीं हैं।

६—हत्या—ग्राफ संख्या २ में पिछले पांच वर्षों में हुई हत्याओं की संख्या दिखाई गई है। १९५९ में दर्ज किये गये हत्या के मामलों की संख्या १,६९४ थी, जबकि यह संख्या १९५८ में १,६३७; १९५७ में १,४६८; १९५६ में १,५९९ तथा १९५५ में १,४४८ थी। १९५९ के इन मामलों में से ६२० मामलों में हत्या लाभ के लालच से की गई, १३५ हत्यायें काम लिप्सा, षड्यंत्र; ४ हत्यायें जहर देने के कारण तथा १७ हत्यायें किराये के हत्यारों द्वारा कराई गईं। १६ हत्यायें प्राविधिक किस्म की थीं जिनमें माताओं ने आत्महत्या करते समय अपने बच्चों को भी मार दिया। किन्तु इस वर्ष हत्या के मामलों में थोड़ी सी वृद्धि हुई है।

जिन जिलों में सबसे अधिक हत्यायें हुईं वे इस प्रकार हैं—कानपुर ८४ मामले, मुरादाबाद ६८, अलीगढ़ ६७, इलाहाबाद ६१, शाहजहांपुर ६१, खीरी ५७, बदायूं ५४, एटा ५४ तथा फतेहपुर ४९, कानपुर, अलीगढ़, शाहजहांपुर, इलाहाबाद, एटा तथा फतेहपुर में, जहां पर १९५८ में क्रमशः ५८; ५१; ४९; ४८; ४४ तथा ४४ हत्याओं के मामले हुये थे, १९५९ में हत्या के मामलों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

दर्ज किये गये मामलों की तुलना में सिद्ध दोष मामलों का प्रतिशत १९५९ में १८प्रतिशत था जबकि यह प्रतिशत १९५८ में १८.६; १९५७ में १७; १९५६ में १७.६ तथा १९५५ में १९ था। यद्यपि सिद्ध दोष मामलों के प्रतिशत में इस वर्ष थोड़ी सी कमी हुई है फिर भी यह प्रतिशत प्रायः १९५८ के प्रतिशत के समान स्तर पर रहा। १९५९ में सत्र न्यायालय से १९६ व्यक्तियों को फांसी की सजा दी गई और ५७ मामलों में फांसी की सजा की उच्च न्यायालय द्वारा पुष्टि की गई।

कानपुर में अनेक रहस्यमय आक्रमणों तथा हत्याओं के कारण कुछ चिन्ता बनी रही। किन्तु यह बड़ी प्रशंसा की बात है कि तथाकथित "रहस्यमय हत्यारे" का जो ४ हत्याओं, जिनमें ७ व्यक्ति मारे गये, और बहुत से आक्रमण करने के मामलों के लिये उत्तरदायी था, अपराध अनुसंधान विभाग तथा जिला पुलिस द्वारा किये गये सतत प्रयत्नों के फलस्वरूप पता लगाया गया और गिरफ्तार किया गया जब कि उसे ऐसे कपटपूर्ण कुकृत्यों को करते हुये चार महीने हो गये थे।

एक महत्वपूर्ण सनसनीखेज मामला मई, १९५९ में आगरा में हुआ, जिसमें स्क्वैडरन लीडर कामठ की पत्नी तथा पुत्री की खोरिया में उनके नौकर द्वारा हत्या की गई, जबकि श्री कामठ ड्यूटी पर बाहर गये थे। अपराध अनुसंधान विभाग तथा जिला पुलिस के अथक प्रयत्नों के कारण अभियुक्त पकड़ लिया गया और उसे फांसी की सजा दी गई।

अलीगढ़ जिले में श्री राधेश्याम मित्तल, चेयरमैन टाउन एरिया कमेटी, हरदुआगंज, जिला अलीगढ़ की हत्या का एक सनसनीपूर्ण मामला हुआ। इस मामले का सफलतापूर्वक पता लगाया गया और उस पर मुकदमा चलाया गया।

बदायूं जिले में एक महत्वपूर्ण दुखद हत्या का मामला हुआ जिसमें कान्सटेबुल श्याम बहादुर सिंह ने रात में गश्त करते समय सशस्त्र डाकू का सामना करने में वीरगति पाई। किन्तु डाकू काबू में कर लिया गया और गिरफ्तार किया गया।

बरेली में दो महत्वपूर्ण हत्यायें हुईं—एक मामले में एक शरणार्थी युवक को मुसलमानों ने जान से मार डाला क्योंकि उसका अभियुक्त व्यक्तियों में से एक व्यक्ति की भतीजी से प्रेम चल रहा था दूसरे मामले में बहुमूल्य सम्पत्ति के लिये एक मंदिर के पुजारी को जान से मारा गया।

७—दंगे—१९५९ में दंगों के २,९०० मामले हुये जबकि १९५८ में ३०,०४५; १९५७ में ३,००२; १९५६ में ३,०८७ तथा १९५५ में २,७६५ मामले हुये थे। इस वर्ष दंगे के मामलों की संख्या पिछले पांच वर्षों की तुलना में सबसे कम रही। निम्नलिखित जिलों में सबसे अधिक दंगे हुये :—

इलाहाबाद १३७, कानपुर १३२, मेरठ १२२, बदायूं ९५, मुरादाबाद ९०।

१९५९ में दंगों के १४ मामले साम्प्रदायिक किस्म के थे, जब कि ऐसे मामले १९५८ में १६, १९५७ में ८, १९५६ में ३० तथा १९५५ में ११ हुये थे। १९५९ में साम्प्रदायिक प्रकार के दंगों के मामले प्रायः इधर-उधर हुये, ४ मामले लखनऊ में, दो-दो मामले मुरादाबाद तथा बरेली में, एक-एक मामला सहारनपुर, आजमगढ़, बाराबंकी, बिजनौर, अलीगढ़ तथा बहराइच में हुये। १९५९ के अन्त तक इस प्रकार के दंगों के मामलों में से दो मामलों में अभियुक्त सिद्धदोष ठहराये गये, २ मामलों का पता नहीं लगा, १ मामला वापस ले लिया गया, १ मामले की जांच हो रही है और ८ मामले न्यायालयों में विचाराधीन हैं।

साम्प्रदायिक प्रकार के दंगों के दो गंभीर मामले हुये, एक आजमगढ़ में और दूसरा सीतापुर में, जो क्रमशः होली तथा मुहर्रम के उत्सवों के अवसर पर हुये थे। किन्तु स्थिति को दृढ़ता से काबू में कर लिया गया और उपद्रव आगे नहीं फैल सके।

कानपुर शहर में हेड कान्सटेबुल द्वारा एक महिला के तथाकथित बलात्कार के सम्बन्ध में एक गंभीर उपद्रव हुआ, जिसके फलस्वरूप हिंसा की भावना व्यापक रूप से फैल गई। इससे सम्पत्ति को पर्याप्त क्षति पहुंची और बहुत से पुलिस के सिपाही घायल हुये। पुलिस को शांति कायम करने के लिये कई अवसरों पर गोली चलानी पड़ी। किन्तु, स्थिति शीघ्र ही काबू में कर ली गई थी।

जब कभी तथा जहां कहीं भी शांति भंग होने की आशंका हुई तो सक्रिय तथा संभाव्य बदमाशों के खिलाफ क्रिमिनल प्रोसीड्योर कोड की धारा १०७/११७ के अधीन निवारक कार्यवाही की गई। १९५९ में मैजिस्ट्रेटों को कार्यवाही किये जाने के निमित्त १७,०३८ मामलों की रिपोर्ट की गई, जब कि १९५८ में १८,४८०, १९५७ में १९,४६२, १९५६ में २०,३२१ तथा १९५५ में २१,९३७ मामलों की रिपोर्ट की गई थी। १९५९ में पिछले वर्षों से सम्बन्धित ४,७३९ मामले विचाराधीन थे और इनको मिलाकर १९५९ में निर्णय के लिये २१,७७७ मामले हो गये। इनमें से ५,२२० मामलों में जिन व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की गई थी, उनसे मुचलके लिये गये; ५,१४४ मामलों में व्यक्तियों को मुक्त कर दिया गया; १,०६२ मामले बिना न्यायिक कार्यवाही किये खारिज कर दिये गये और ४,९६२ मामलों को अन्य प्रकार से निबटाया गया। १९५९ के अन्त में कुल ५,४१९ मामले विचाराधीन शेष रह गये।

८—<u>गहरी चोट</u>—१९५९ में गहरी चोटों के २,९३८ मामले दर्ज किये गये, जबकि ऐसे मामलों की संख्या १९५८ में २,४९६; १९५७ में २,३५३; १९५६ में २,३५३ तथा १९५५ में २,१७७ थी। ऐसे मामलों की सबसे बड़ी संख्या लखनऊ रेंज में दर्ज की गई, जहां पर ऐसे ६६५ मामले हुये थे और इसके बाद बरेली रेंज ४८०, गोरखपुर रेंज ४३७, कानपुर रेंज ४२४, आगरा रेंज ४२४, वाराणसी रेंज ३१३, मेरठ रेंज १९१ तथा सरकारी रेलवे पुलिस ४, आती हैं। जिलों में से हरदोई जिले में सबसे अधिक संख्या में मामले दर्ज किये गये, जहां पर उनकी संख्या १३० थी, ऐसे मामलों की संख्या इलाहाबाद में १२१, कानपुर में ११३, लखनऊ में १०९, बरेली में १०२, रायबरेली में ९६, मुरादाबाद में ९० तथा गोरखपुर में ८६ थी। रिपोर्ट किये गये मामलों की तुलना में सिद्धदोष मामलों का प्रतिशत १९५९ में १५.१ था, जबकि यह प्रतिशत १९५८ में १६.७, १९५७ में १७.३, १९५६ में २० तथा १९५५ में २१ था। किन्तु गहरी चोट के सभी महत्वपूर्ण मामलों की जांच की गई। सिद्धदोष ठहराये गये मामलों में धीरे-धीरे कमी हुई है और ऐसे मामलों की वृद्धि के लिये यह एक कारण हो सकता है। बहुत से मामलों में फरीकों ने न्यायालयों में मामलों के विचाराधीन रहते हुये आपस में समझौता कर लिया, जिसके फलस्वरूप अभियुक्त छोड़ दिये या दोष मुक्त कर दिये गये।

९—<u>चोरियां</u>—१९५९ में चोरी के कुल २६,२१३ मामले दर्ज किये गये, जब कि ऐसे मामलों की संख्या १९५८ में २६,९७९; १९५७ में २५,४३८; १९५६ में २६,५६३ तथा १९५५

में २२,१८५ थी। इस वर्ष की संख्या में १९५८ की संख्या की तुलना में २.८ प्रतिशत की कमी हुई है। १९५९ में ११,८४२ व्यक्तियों को चोरी के लिये दोषी ठहराया गया, जबकि १९५८ में १०,७४१, १९५७ में १०,०७३, १९५६ में ९,१४३ तथा १९५५ में १०,४३८ व्यक्ति चोरी के दोषी ठहराये गये थे। १९५९ में दर्ज किये गये मामलों की तुलना में सिद्धदोष मामलों का प्रतिशत १९.६ था, जब कि यह प्रतिशत १९५८ में १८.२, १९५७ में १९.०, १९५६ में १९.८ तथा १९५५ में १८.५ था। दोषी ठहराये गये व्यक्तियों की संख्या १९५९ में सब से अधिक थी और १९५६ को छोड़कर विगत पांच वर्षों में सिद्धदोष मामलों का प्रतिशत भी सबसे अधिक था। नीचे दिये गये विवरण में पिछले पांच वर्षों के दौरान में विशिष्ट प्रकार की सम्पत्ति की चोरियां दिखाई गई हैं।—

		१९५९	१९५८	१९५७	१९५६	१९५५
१—चुराई गई साइकिलें	..	४,०८७	४,२१४	३,९०६	३,७४८	३,२५९
बरामद की गई साइकिलें	..	५९३	७६७	६५६	६२३	५६७
२—कृषि उपज	..	१,१४८	१,३४६	१,७३३	१,४७१	१,३२२
३—मोटर गाड़ियां और उनके पुर्जे	..	३८	४४	६८	५१	५३
४—टेली ग्राफ तथा टेलीफोन के तार	..	५८४	४८१	४६०	३७४	३३४
५—खोये हुये आग्नेयास्त्र	..	२४८	२५८	२६८	३०८	२८८
६—बरामद किये गये आग्नेयास्त्र	..	२,७६८	२,२३५	२,०७०	२,००९	१,९२५

नीचे दिये गये विवरणों में पिछले ५ वर्षों में खोये हुये तथा बरामद किये गये भिन्न-भिन्न प्रकार के आग्नेय-अस्त्रों के ब्योरे अलग-अलग दिये गये हैं:—

खोये हुये आग्नेयास्त्र

		१९५९	१९५८	१९५७	१९५६	१९५५
रिवाल्वर	..	२९	३२	२८	३९	३४
रिवाल्वर देशी	..	..	..	..	..	..
पिस्तौल	..	१८	१९	२३	१९	३०
पिस्तौल देशी	..	..	..	..	..	३
राइफल	..	१२	७	१३	२१	१९
राइफल देशी	..	..	..	..	..	..
मस्केट	..	१	४	१	३	..
बन्दूकें	..	१८५	१९५	१९८	२१६	१८०
बन्दूकें देशी	..	..	..	३	८	२१
बन्दूक का कुन्दा	..	..	१	..	१	..
बेओनट	..	२	..	२	..	..
हवाई बन्दूक	..	..	..	..	१	१
बन्दूक की नली	..	..	..	..	..	..
तोप	..	..	..	..	..	..
स्टेनगन	..	१	..	..	..	..

बरामद किये गये आग्नेयास्त्र

		१९५९	१९५८	१९५७	१९५६	१९५५
रिवाल्वर	..	२७	२७	४६	५५	४४
रिवाल्वर देशी	..	७	२३	१७	१६	१७
पिस्तौल	..	२३	१२	१७	१६	१७
पिस्तौल देशी	..	२,२४३	१,७५७	१,५९८	१,५२२	१,४६८
राइफल	..	१०	१२	२०	३०	२१
राइफल देशी	..	..	१	२	..	४
मस्केट	..	३	१	१	३	२
बन्दूक	..	१५५	१५९	१७०	१८१	१३८
बन्दूक देशी	..	२९८	२४३	१९८	१८३	२१२
बन्दूक का कुन्दा	..	..	..	१	..	..
बेओनट	..	..	..	..	..	..
हवाई बन्दूक	..	१	..	..	१	१
बन्दूक की नली	..	..	..	..	१	..
तोप	..	..	..	..	१	..
स्टेनगन	..	१	..	..	..	१

विभिन्न स्थानों पर चुराया गया तांबे का तार भी बड़े परिमाण में बरामद हुआ। मिर्जापुर पुलिस ने ४ मन, गाजीपुर पुलिस ने ३ मन १८ सेर तथा गोंडा पुलिस ने ढाई मन चुराये गये तांबे का तार बरामद करने में सफलता प्राप्त की। बरेली पुलिस, सीतापुर पुलिस, खीरी पुलिस और जौनपुर पुलिस ने भी काफी मात्रा में चुराया गया तांबे का तार बरामद किया।

लखनऊ और मेरठ में सायकिल उठाने वालों के गिरोह पकड़े गये, जहां क्रमशः ३५ और ५५ सायकिलें बरामद हुईं।

१०—मवेशियों की चोरी—१९५९ में कुल मिलाकर ३,३५१ मामलों की रिपोर्ट की गई, जब कि इसकी तुलना में १९५८ में ३,८९०; १९५७ में ३,३०३; १९५६ में ३,५०६ और १९५५ में २,६३० मामलों की रिपोर्ट की गई थी। १९५८ की तुलना में ऐसे मामलों की घटनाओं में १४ प्रतिशत की काफी कमी हुई। मवेशियों की चोरी के सबसे अधिक मामले निम्नलिखि जिलों में हुये हैं :—

मुरादाबाद २७६, बदायूं १६०, मेरठ १५६, शाहजहांपुर १४५, मैनपुरी १४१, अलीगढ़ १३४, लखनऊ १३३, सीतापुर १२५, बुलन्दशहर १२४। १९५८ में २,०२८; १९५७ में २,०१२; १९५६ में १,५७३ और १९५५ में १,८९५ व्यक्तियों की तुलना में १९५९ में २,३०४ व्यक्तियों को मवेशियों की चोरी के मामलों में दोषी ठहराया गया। रिपोर्ट किये गये मामलों की तुलना में सिद्धदोष मामलों का प्रतिशत १९५९ में २९ प्रतिशत था, जबकि १९५९ में २४.२ प्रतिशत, १९५७ में २५ प्रतिशत, १९५६ में २० प्रतिशत तथा १९५५ में २५.६ प्रतिशत था। इन आंकड़ों से यह प्रगट होता है कि इस वर्ष सिद्धदोष व्यक्तियों की संख्या सबसे अधिक थी। इस वर्ष सिद्धदोष मामलों का प्रतिशत भी पिछले ५ वर्षों की तुलना में सबसे अधिक रहा। चुराये हुये मवेशियों का स्थान मालूम करना, उन्हें बरामद करना तथा तत्पश्चात् उन्हें पहचानना सामान्यतया कठिन है, क्योंकि मवेशियों के अभ्यस्त चोर बहुधा मवेशियों का बाहरी आकार बदल देते हैं। गंगा और यमुना के कगारों तथा खादर क्षेत्रों में इन चुराये हुये मवेशियों को छिपाकर रखना बहुत ही आसान है। पश्चिमी जिलों में 'फिरौती' प्रणाली के कारण मवेशी चुराने वालों के विरुद्ध सफलतापूर्वक मुकदमा चलाने में अत्यधिक अड़चन पड़ती हैं।

११---सेंध लगाना---ग्राफ संख्या ५ में यह दिया गया है कि पिछले पांच वर्षों में, जिसमें १९५९ भी सम्मिलित है, सेंध लगाने की क्या स्थिति रही। १९५८ में १७,५८९; १९५७ में १८,३२८; १९५६ में १९,४२० तथा १९५५ में १६,५०९ की तुलना में १९५९ में सेंध लगाने क कुल १५,५७० मामले दर्ज किये गये। इससे यह स्पष्ट है कि इस वर्ष सेंध लगाने के मामलों की संख्या में उल्लेखनीय कमी हुई और वास्तव में आलोच्य ५ वर्षों में सेंध लगाने के मामलों की संख्या इस वर्ष सबसे कम है। १९५८ की तुलना में सेंध लगाने के मामलों में ११.४ प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी हुई। निम्नलिखित जिलों में जहां सेंध लगाने के मामलों की संख्या १९५९ में सबसे अधिक थी, इस प्रकार है :---

कानपुर ६८३, मुरादाबाद ६१९, मेरठ ५५४, अलीगढ़ ५३४, लखनऊ ५११, इलाहाबाद ५०४, सीतापुर ४८९, उन्नाव ४२२, खीरी ४०९, बाराबंकी ४०५, बाराणसी ४०४, सहारनपुर ३९७।

रिपोर्ट किये गये मामलों की तुलना में सिद्धदोष मामलों का प्रतिशत १९५८ में १५ प्रतिशत; १९५७ में १४.८ प्रतिशत; १९५६ में १३.५ प्रतिशत तथा १९५५ में १५ प्रतिशत की तुलना में १९५९ में १६.१ प्रतिशत निकलता है। यह स्पष्ट है कि सिद्धदोष मामलों का प्रतिशत इस वर्ष सबसे अधिक था।

जालौन पुलिस ने झांसी के सेंध लगाने के दो मामलों में चुराई गई लगभग ४१,००० रु० की सम्पूर्ण सम्पत्ति को बरामद करने का सराहनीय कार्य किया।

अलीगढ़ पुलिस ने सेंध लगाने के एक मामले में, जिसमें लगभग १८,५३९ रु० की हानि हुई थी, चुराई गई लगभग सम्पूर्ण सम्पत्ति को तत्काल बरामद करने में अच्छा कार्य किया।

बुलन्दशहर पुलिस ने सेंध लगाने के दो मामलों में लगभग १८,३५४ रु० की सम्पत्ति का अधिकांश भाग बरामद करने में अच्छा कार्य किया।

बहराइच पुलिस ने सेंध लगाने के मामले में एक गश्ती गिरोह से सम्पूर्ण चुराई गई सम्पत्ति और उसके साथ एक डी०बी०बी० एल० बन्दूक बरामद करने में बहुत अच्छा कार्य किया

वाराणसी पुलिस ने भी एक सेंध लगाने के मामले में लगभग ८,००० रु० की कुल सम्पत्ति बरामद करने में अच्छा कार्य किया।

लखनऊ की पुलिस एक सेंध लगाने के मामले में, जिसमें रोडवेज बस स्टेशन, चारबाग की एक लोहे की तिजोरी उठा ली गई थी उसे बरामद करने तथा अभियुक्त को गिरफ्तार करन में सफल हुई।

अपराध अनुसंधान विभाग ने ओपियम फैक्ट्री गाजीपुर से एक सेंध लगाने के मामले में १,४४,००० रु० की लागत की चुराई गई ६ मन अफीम में से ४ मन अफीम बरामद की।

१२---जाली सिक्के और करेंसी नोट---१९५८ के १८; १९५७ के १८; १९५६ के २३ और १९५५ के १७ मामलों की तुलना में १९५९ में जाली करेंसी नोटों के १८ मामलों का पता लगाया गया। १९५८ के ३१; १९५७ के ३५; १९५६ के ३९ और १९५५ के ३६ मामलों की तुलना में १९५९ में जाली सिक्कों के २२ मामलों का पता लगाया गया। इनमें से कोई भी मामला सनसनीखेज नहीं था। इन अपराधों के लिये उत्तरदायी अभियुक्त सामान्यतः अभ्यस्त अपराधी होते हैं और जेल से छूटने के बाद भी अपना अपराध कार्य जारी रखते हैं। इन अभ्यस्त अपराधियों पर पहले की तरह कड़ी निगरानी रखी जाती है।

१३---अपहरण---वर्ष १९५९ में रजिस्टर में दर्ज किये गये अपहरण के मामलों की संख्या में कुछ वृद्धि हुई। १९५८ में ७९७; १९५७ में ७८०; १९५६ में ७९३ और १९५५ में ७१३ मामलों की तुलना में १९५९ में ८५९ मामले थे। सबसे अधिक मामलों की रिपोर्ट कानपुर ५२, मुरादाबाद ४८, इलाहाबाद ३७, लखनऊ ३६, बहराइच ३५, मेरठ,

३५, आगरा ३१, बरेली ३०, और शाहजहांपुर ३०, से मिली। १९५८ में ४; १९५७ में २; १९५६ में ३ और १९५५ में ३ की तुलना में तावान वसूल करने के लिये अपहरण के ९ मामले हुये। १९५९ के उक्त मामलों में से, ५ आगरा, ३ जालौन और १ फतेहगढ़ का है। आगरा जिले में अपहरण किये गये ५ व्यक्तियों में से ४ व्यक्तियों को रूपा डकैत के गिरोह वाले और एक व्यक्ति को दफेदार सिंह के गिरोह वाले ले गये। जिला जालौन से अपहरण किये गये ३ व्यक्तियों में से २ व्यक्तियों को बहादुर गूजर के गिरोह वाले तथा १ व्यक्ति को मध्य प्रदेश के गिरोह वाले ले गये। अपहरण किये गये ९ व्यक्तियों में से ७ व्यक्ति अब अपने घरों को लौट आये हैं। रूपा के गिरोह ने इस राज्य के क्षेत्र में घुसने की एक नई चाल अपनाई है। वे थोड़ी संख्या में आते हैं और लोगों को तावान के लिये पकड़ ले जाते हैं। बड़े स्तर पर संयुक्त कार्यवाहियां की गईं और बड़े-बड़े छापे संगठित किये गये, परन्तु कोई ऐसी सफलता नहीं मिली, क्योंकि अपराधी आसन्न राज्यों के स्थानों में भाग जाते थे। अपहरण के मामलों की कुल संख्या में थोड़ी वृद्धि होने का मुख्य कारण काम लिप्सा-तथा पारिवारिक विवाद हैं।

१४—जहर देना—१९५८ के ५१; १९५७ के ५८; १९५६ के ६८ और १९५५ के ६२ मामलों की तुलना में १९५९ में जहर देने के ५२ मामलों की रिपोर्ट की गई। इस प्रकार ऐसे अपराधों की अधोमुखी प्रवृत्ति बनी रही, क्योंकि पिछले दो वर्षों के आंकड़े व्यवहारतः एक ही हैं। सबसे अधिक मामलों १५ की सूचना सरकारी रेलवे पुलिस से प्राप्त हुई। इसके बाद मुजफ्फरनगर ४ और सहारनपुर, गोरखपुर और फैजाबद में से प्रत्येक से तीन-तीन मामलों की सूचना मिली। सूचित किये गये मामलों की तुलना में सिद्धदोष मामलों का प्रतिशत १९५८ के १२.९, १९५७ के १५, १९५६ के २६ और १९५५ के २४ से गिरकर १९५९ में १२.६ प्रतिशत तक आ ग या। सूचित किये गये कुल मामलों में से १९५९ में २४ मामलों का सम्बन्ध पेशेवर जहर देने वालों से था, जबकि इसकी तुलना में ये मामले १९५८ में २५, १९५७ में २२, १९५६ में २९ और १९५५ में २७ थे। १९५९ के पेशेवर जहर देने के मामलों में से १४ मामले सरकारी रेलवे पुलिस के थे, ३ फैजाबाद के, २ कानपुर और २ फतेहगढ़ के तथा बाराबंकी, मथुरा और देहरादून में से प्रत्येक का एक-एक मामला था। पेशेवर जहर देने वाले अधिकांशतः रेलवे के प्लेटफार्मों और चलती रेलगाड़ियों में अपना काम करते हैं, जहां वे अन्जान और सीधे-सादे लोगों को सरलता से धोखा दे सकते हैं और चम्पत होने का अच्छा अवसर भी पा जाते हैं।

शाहजहांपुर में एक आबकारी का ठेकेदार खाली बोतलों को नकली शराब से भरे जाते हुये अन्य ५ व्यक्तियों के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। उसके पास भांग के ३ थैलों के अतिरिक्त लगभग १३०० बोतलें मिलीं जिनके आधे-आधे भाग में शराब थी, ३६६ खाली बोतलें थीं, १०२८ बोतलों में नकली शराब थी तथा अत्यधिक मात्रा में मैथीलेटेड स्पिरिट थी तथा कुछ बोतलें एसेंस तथा रंगने की सामग्री की थीं।

बदायूं में ५३ अवैध रूप से शराब बनाये जाने के सेट, ४८० अवैध शराब की बोतलें, १८ सेर चरस और २७ सेर गांजा बरामद किया गया।

बस्ती और मिर्जापुर में क्रमशः ९०,००० रु० और ८०,००० रु० का गांजा बरामद हुआ। बरेली में कई सेर चरस, अफीम और गांजा मिला और रामपुर पुलिस ने १ मन ६ सेर कच्ची अफीम जिसका मूल्य कई हजार रुपये था, बरामद किया।

सहारनपुर में शक्कर से भरी हुई ३ ट्रकों को पकड़ा गया, जबकि उसे चोरी से पंजाब ले जाया जा रहा था।

१५—पुलिस की हिरासत से निकल भागना—१९५८ के ४०, १९५७ के ४५, १९५६ के ५३ और १९५५ के ३७ व्यक्तियों की तुलना में १९५९ में ४० व्यक्ति पुलिस

की हिरासत स निकल भागे। इन भागे हुये व्यक्तियों में से २२ व्यक्ति फिर गिरफ्तार कर लिये गये। १३ मामलों में पुलिस दल को उत्तरदायी नहीं पाया गया जबकि शेष मामलों में, जिनमें उन्हें दोषी पाया गया, दोषी पुलिस कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त-कार्यवाही की गई। जिन मामलों में पुलिस दल, उत्तरदायी नहीं पाया गया, पुलिस अधिकारिकों (Official) पर सामान्यतया हमला किया गया और गिरफ्तार किये गये अभियुक्त साथियों या संबंधियों द्वारा छुड़ा लिये गये।

१६--परिवाद योजना--परिवाद योजना सामान्यतया उपयोगी रही। यह योजना पुलिस उप-महा निरीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग के प्रभार में रही। इनकी सहायता के लिये लखनऊ स्थित मुख्यालय के एक पुलिस अधीक्षक तथा तीन स्टाफ अधिकारी तथा जिला या जिलों के प्रभारी पुलिस उप-अधीक्षक "परिवाद" रहे। उक्त योजना ने अब अपने जीवन का चतुर्थ वर्ष पूरा किया है। इस योजना के अधीन पुलिस के अपत्रित अधीनस्थ कर्मचारियों के विरुद्ध रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार, बलात रुपया आदि वसूल करने (Extortion), उत्पीड़न (Harassment) और जान बूझकर किये गये प्रतिशोधात्मक कार्यों के परिवादों तथा अन्य विभागों के अपत्रित सरकारी कर्मचारियों के विरुद्ध रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार तथा बलात रुपया आदि वसूल करने के संबंध में कार्यवाही की जाती है। १९५९ में सरकारी कर्मचारियों के विरुद्ध कुल मिलाकर ७,६९२ परिवाद प्राप्त हुये, जिनमें से ५,९३६ (७७.२ प्रतिशत) पुलिस के थे और १,७५६ (२२.८ प्रतिशत) अन्य विभागों के थे जबकि इसकी तुलना में १९५८ में ७,६४७ परिवाद ६,२०४ (८१.२ प्रतिशत) पुलिस के और १,४४३ (१८.८ प्रतिशत) अन्य विभागों के प्राप्त हुये थे, १९५७ में ७,८८० परिवाद जिसमें से ६,४३४ (परिवाद ८१.६) प्रतिशत पुलिस के और १,४४६ (१८.४ प्रतिशत) अन्य विभागों के प्राप्त हुये थे तथा १९५६ में ७,५२५ परिवाद, जिसमें से ६,०९१ (८० प्रतिशत) पुलिस के और १,४३४, (२० प्रतिशत) अन्य विभागों के प्राप्त हुये थे। १९५९ में प्राप्त हुये कुल ७,६९२ परिवादों में से ४,२७३ परिवाद अर्थात् ५५.५ प्रतिशत रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार सम्बन्धी थे, ९५१ अर्थात् १२.३ प्रतिशत बलात रुपया आदि वसूल करने १,७७० अर्थात् २३ प्रतिशत उत्पीड़न, ११५ अर्थात १.४ प्रतिशत जानबूझकर किये गये प्रतिशोधात्मक कार्यों के सम्बन्ध में थे तथा ५८३ अर्थात ७.५ प्रतिशत विविध प्रकार के थे। १९५९ में ६,७४९ मामलों की जांच पुलिस उप-अधीक्षक "परिवाद" द्वारा की गई जिनमें से १,६४३ मामले पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से प्रमाणित हो गये और २४३ मामलों में वर्ष १९५९ के अन्त तक जांच की जा रही थी। प्रमाणित परिवादों का प्रतिशत २१.३ आता है, जबकि इसकी तुलना में १९५८ में यह प्रतिशत २७.६ तथा १९५७ में २८.४ और १९५६ में २९.६ था।

कुल १,६४५ प्रमाणित परिवादों में से १,५९६ परिवादों में वैभागिक कार्य-वाही की गई, ८६८ मामलों में अपराध करने वाले सरकारी कर्मचारियों को उपयुक्त दंड दिया गया। ७१ वैभागिक कार्यवाहियों में अभियुक्त दोष मुक्त कर दिये गये और ६५६ मामले वर्ष के अन्त में विचाराधीन थे। एक अभियुक्त वैभागिक सुनवाई के समय मृत्यु को प्राप्त हुआ और इस कारण उसके मामले को निक्षिप्त कर दिया गया। ४१ मामले न्यायालय भेजे गये, जिसमें से ६ मामलों में अभियुक्त सिद्ध दोष हुये, एक मामले में अभियुक्त को दोष मुक्त कर दिया गया और ३३ मामले वर्ष के अन्त में सुनवाई के लिये विचाराधीन थे। एक अभियुक्त न्यायालय में सुनवाई के समय मर गया और ७ मामलों में वर्ष के अन्त में जांच की जा रही थी।

१७—**पुलिस के विरुद्ध परिवाद**—१९५८ के ६,२०४; १९५७ के ६,४३४ और १९५६ के ६,०९१ परिवादों की तुलना में १९५९ में ५,९३६ परिवाद प्राप्त हुये। इन परिवादों में से ६०२ की जांच पुलिस उप-अधीक्षक परिवाद को इस कारण नहीं सौंपी गयी कि या तो वे अस्पष्ट, गुमनाम या मामूली किस्म के थे अथवा उनकी जांच विभागीय अधिकारियों द्वारा पहले ही की जा चुकी थी या पेशबन्दी आदि में किये गये थे। १९५९ में २२ प्रतिशत परिवाद प्रमाणित हुये जबकि १९५८ में २५ प्रतिशत, १९५७ में २५.७ प्रतिशत तथा १९५६ में २६.६ प्रतिशत प्रमाणित हुये थे। इससे यह प्रकट होता है कि पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध अधिक संख्या में निराधार परिवादों का प्राप्त होना जारी है।

पुलिस उप-अधीक्षकों (परिवाद) को जांच करने के लिये सौंपे गये कुल ५,३३४ परिवादों में से २,६५० परिवाद अर्थात् ४९.६ प्रतिशत घूसखोरी। भ्रष्टाचार से ८७१ अर्थात १६.३ प्रतिशत बलात् रुपया लेने से, १,६३२ अर्थात ३०.५ प्रतिशत उत्पीड़न से, ७० अर्थात् १.३ प्रतिशत जानबूझ कर किये गये प्रतिशोधात्मक कार्य से सम्बन्धित थे और १११ अर्थात् २ प्रतिशत परिवाद विविधि प्रकार के परिवाद थे।

दोषी पाये गये पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध वैभागिक कार्यवाही करने के फलस्वरूप ३ हेड कान्सटेबुल, २९ कान्स्टेबुल और एक क्लर्क पदच्युत किये गये, दो कान्स्टेबुल सेवामुक्त किये गये, १८ सब-इन्स्पेक्टर, १५ हेडकान्स्टेबुल, और ७३ कान्स्टेबुलों का वेतन-कम किया गया और एक सब-इन्स्पेक्टर, की वेतन वृद्धि रोक दी गई। ३२ सब-इन्स्पेक्टरों, १ असिस्टेन्ट पब्लिक प्रोसीक्यूटर, १ क्लर्क, ४१ हेड कान्स्टेबुलों और २०५ कान्स्टेबुलों के सम्बन्ध में सत्यनिष्ठता प्रमाणपत्र रोक दिये गये, २ सर्किल इन्स्पेक्टरों, १५७ सब-इन्स्पेक्टरों, २ असिस्टेन्ट पब्लिक प्रोसीक्यूटरों, ५७ हेड कान्सटेबुलों १६५ कान्स्टेबुलों और २ अनुचरों (Follwers) के शील विवरण में अपचार प्रविष्टियां की गई। २३ सब-इन्स्पेक्टरों, ८ हेड कान्स्टेबुलों और ५९ कान्स्टेबुलों के शील विवरण में क्षुद्र दंडात्मक प्रविष्टियां की गई जबकि ४ सर्किल इन्स्पेक्टरों, १३६ सब-इन्स्पेक्टरों, १ असिस्टेन्ट पब्लिक प्रोसीक्यूटरों, २ क्लर्क, ७१ हेड कान्सटेबुलों, ३०५ कान्स्टेबुलों को या तो चेतावनी दी गई अथवा उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की गई। ३५३ मामलों में वर्ष के अन्त में कार्यवाही विचाराधीन थी।

१८—**पुलिस विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों के अपत्रित सरकारी कर्मचारियों के विरुद्ध परिवाद**—विभिन्न अन्य विभागों के अपत्रित सरकारी कर्मचारियों के विरुद्ध १,७५६ परिवाद प्राप्त हुये थे जिनमें से १,४१५ परिवाद पुलिस उप अधीक्षकों (परिवाद) को जांच के लिये सौंपे गये, जबकि इसकी तुलना में १९५८ में १४४३ परिवाद प्राप्त हुये थे, जिनमें से ९४९ परिवाद पुलिस उप अधीक्षकों को जांच के लिये सौंपे गये थे।

१९५९ में पुलिस उप-अधीक्षक (परिवाद) द्वारा जांच किये गये कुल १,४१५ परिवादों में से १,३२३ परिवाद अर्थात ९३.५ प्रतिशत घूसखोरी, भ्रष्टाचार से, ६९ अर्थात ४.८ प्रतिशत बलात् रुपया आदि वसूल करने से, ११ अर्थात .७७ प्रतिशत उत्पीड़न से सम्बन्धित थे। १ परिवाद जानबूझकर कर किये गये प्रतिशोधात्मक कार्य और ११ अर्थात् .७७ प्रतिशत विविधि प्रकार के थे। १९५९ में जांच करने पर प्रमाणित परिवादों का प्रतिशत ३५.२ था, जबकि इसकी तुलना में १९५८ में यह प्रतिशत ४३.२ १९५७ में ४४.५ और १९५६ में ४७.१ था।

१९५९ में उप-अधीक्षक पुलिस द्वारा जांच किये गये, १,४१५ परिवादों में से ९१० परिवाद राजस्व विभाग के कर्मचारियों के, १३८ सिंचाई, नलकूप आदि के कर्मचारियों के, ६९ नियोजन विभाग, ५३ चिकित्सा तथा स्वास्थ्य विभाग, ३९ वन विभाग, ३८ आबकारी विभाग, २९ कृषि विभाग, २८ सार्वजनिक निर्माण विभाग १७ जिला संपूर्ति कार्यालय के कर्मचारियों के विरुद्ध थे। १६ परिवहन विभाग —

१६ न्याय विभाग के कर्मचारियों के विरुद्ध, १२ शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के विरुद्ध, १० पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) विभाग के कर्मचारियों के विरुद्ध, ९ जेल विभाग के कर्मचारियों के विरुद्ध, पुनर्वासन, पशुपालन तथा मत्स्य विभाग के कर्मचारियों में से प्रत्येक के विरुद्ध सात-सात परिवाद थे। स्थानीय निकाय के कर्मचारियों के विरुद्ध छः गन्ना उद्योग तथा विविध विभागों के कर्मचारियों में से प्रत्येक के विरुद्ध तीन-तीन तथा विक्रय-कर विभाग एवं नियोजन कार्यालय के कर्मचारियों में से प्रत्येक के विरुद्ध एक-एक परिवाद था।

उपर्युक्त पैरा १७ के उपपैरा (१) में उल्लिखित कारणों से पुलिस उप-अधीक्षक (परिवाद) को ३४१ मामले नहीं सौंपे गये थे। १,३४० मामलों में जांच पूरी की गयी और इनमें से ४७२ मामलों में पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से आरोप प्रमाणित हुये। ४४५ मामलों में विभागीय कार्यवाही आरम्भ की गई, २४ मामले न्यायालय भेजे गये और ३ मामले जांच के लिये वर्ष के अन्त तक विचाराधीन रहे। विभागीय रूप से किये गये मामलों में से ९६ मामलों में दंड दिया गया, ४५ मामलों में आरोप सिद्ध नहीं हो सके और ३०३ मामले वर्ष के अन्त तक विचाराधीन रहे। एक अधिकारिक की मृत्यु हो गई, जब कि उसके सम्बन्ध में विभागीय रूप से सुनवाई की जा रही थी। न्यायालय भेजे गये २४ मामलों में से २ मामले सिद्धदोष पाये गये, १ दोषमुक्त हुआ, १ मामला निक्षिप्त कर दिया गया, क्योंकि अभियुक्त की मृत्यु सुनवाई के समय हो गई थी और वर्ष के अन्त तक २० मामले विचाराधीन रहे।

विभागीय कार्यवाही के फलस्वरूप २८ सरकारी कर्मचारी पदच्युत किये गये, २९ सेवा से हटा दिये गये, २२ कर्मचारियों का वेतन घटा दिया गया, ११ कर्मचारियों की वेतन वृद्धियां रोक दी गई, ५ मामलों में सत्यशीलता के प्रमाणपत्र रोक दिये गये और १६ मामलों में अपचार प्रविष्टियां की गयीं। ७९ मामलों में क्षुद्र दंडात्मक प्रविष्टियां की गई अथवा अन्य विभागीय कार्यवाही की गई।

उपर्युक्त विवरण से इस योजना के संबंध में स्पष्ट विदित होता है कि यह योजना प्रशासन को सुदृढ़ बनाने में उपयोगी सिद्ध हुई है। इसने जनता के लिये ऐसे साधन की व्यवस्था की है जिससे वह अपने परिवादों का निवारण उप-अधीक्षक, पुलिस परिवाद द्वारा की जाने वाली तत्काल जांचों से कर सकें। यह पुलिस विभाग के लिये विशेष रूप से लाभकारी हुई है, जहां दोषी पुलिस अधिकारियों को पर्याप्त दंड दिये जाते थे। इस योजना के कार्य क्षेत्र को बढ़ाने के साथ-साथ यह आशा है कि अन्य विभाग इस योजना का अपेक्षा कृत अधिक उपयोग करेंगे।

१९—बाल अपचार संबंधी आंकड़े—१९५९ में २,००३ बाल अपचारियों ने सब मिलाकर १,६२१ मामलों में अपराध किये, जबकि इसकी तुलना में १९५८ में २,१६६ बाल अपचारियों ने १,६८६ मामलों में अपराध किये और १९५७ में २,७५२ बाल अपचारियों ने २,१३३ मामलों में अपराध किये। पिछले दो वर्षों की तुलना में १९५९ में बाल अपचारियों की कुल संख्या तथा साथ ही साथ उनके द्वारा किये गये अपराधों में कमी होने का पता चलता है। इन बाल अपचारियों द्वारा किये गये अपराधों का अपराधानुसार अध्ययन करने से पता चलता है कि १९५९ में व्यक्तियों के प्रति १५० गम्भीर अपराध किये गये, २१९ गम्भीर अपराध सम्पत्ति के लिये, ६९५ क्षुद्र अपराध व्यक्ति या सम्पत्ति के प्रति, ५५८ मामले अन्य विभिन्न शीर्षकों के अन्तर्गत हुये तथा ४३८ मामले इन बाल अपचारियों द्वारा जुये तथा आबकारी अधिनियमों के अधीन किये गये, जबकि इसकी तुलना में १९५८ में ये मामले क्रमशः १९३, २३९, ६११, ६११, और ४३५ थे तथा १९५७ में क्रमशः २७३, ३२९, ७५९, ७५९ और २६६ थे? बाल अपचारियों द्वारा किये गये सबसे अधिक अपराध चोरी या सेंध लगाने के थे, तथा जुये और आबकारी अधिनियमों के अधीन क्रमशः २८५ और १५३ अपराध किये गये

थे। बाल अपराधियों के आयु वर्ग पर गौर करने से पता चलता है कि सबसे अधिक अपराध १७—२१ वर्ष तक के बालकों द्वारा किये जाते हैं, जिसमें १९५९ में अपराधियों की संख्या १,४७० थी, जबकि इसकी तुलना में १९५८ में अपराधियों की संख्या १,५०२ और १९५७ में १,९२४ थी। १२ वर्ष से १७ वर्ष तक के दूसरे आयु वर्ग में १९५९ में ४५७ अपराधी थे जबकि इसकी तुलना में १९५८ में अपराधियों की संख्या ५९० और १९५७ में ७६० थी। अपराधियों की सबसे कम संख्या ७ वर्ष से १२ वर्ष तक के आयु वर्ग की है, जिसमें १९५९ में अपराधियों की संख्या ७६ रही, जबकि इसकी तुलना में १९५८ में यह संख्या ७४ और १९५७ में ६८ थी।

१,५०० बाल अपराधी नियमित न्यायालयों में सुनवाई के लिये भेजे गये और ५०० मामले बाल न्यायालयों को भेज दिये गये, जबकि इसकी तुलना में इनकी संख्या १९५८ में क्रमशः १,७७२ और ३९१ थी और १९५७ में क्रमशः १,९०६ और और ८४६ थी। १९५९ में ३७३ बाल अपराधियों को परिवीक्षा पर रक्खा गया, ३०५ को उनके माता पिता के पास भेज दिया गया, ६ बाल अपराधियों को सुधारालयों अथवा प्रमाणित विद्यालयों जैसी संस्थाओं के सुपुर्द कर दिया गया और ८१६ बाल अपराधियों पर अन्य प्रकार से कार्यवाही की गई, जबकि इसकी तुलना में १९५८ में इनकी संख्या क्रमशः ३२९, १५९, ५७ और १,३३७ थी और १९५७ में क्रमशः ५४९, ३६७, १६ और १,३६९ थी। बाल अपराधियों के विरुद्ध वर्ष के अन्त में ५०० मामले सुनवाई के लिये विचाराधीन थे, जब कि इसकी तुलना में १९५८ और १९५७ में यह संख्या क्रमशः २८१ और ४५१ थी।

इस प्रकार बाल अपचार से इस राज्य में कोई विशेष समस्या उपस्थित नहीं होती है। बालकों के अधिकांश अपराध वयस्क अपराधियों के बुरे प्रभाव तथा उपयुक्त प्रकार का घरेलू जीवन न होने के कारण किये गये। इस प्रकार के अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण रखने और उन्हें कम करने के लिये यह आवश्यक है कि बालकों को बुरी संगत से दूर रखा जाय। बाल अपचार को कम करने के कार्य में लगे हुये सामाजिक संगठनों को सभी संभाव्य सहायता देने के अनुदेश पुलिस अधिकारियों को पहले ही दिये जा चुके हैं।

भाग ३

२०—अपराधियों का पता लगाना और उनकी रोकथाम—गत ५ वर्षों में जितने मामलों की रिपोर्ट की गई, जांच की गई और उनका निर्णय किया गया, उनकी तुलना में सिद्धदोष मामलों का प्रतिशत नीचे दिया गया है :—

वर्ष	रिपोर्ट किये गये मामलों की तुलना में सिद्धदोष मामलों का प्रतिशत	जांच किये गये सच्चे मामलों की तुलना में सिद्धदोष मामलों का प्रतिशत	न्यायालयों में निर्णीत मामलों की संख्या की तुलना में सिद्ध-दोष मामलों का प्रतिशत	न्यायालयों द्वारा मुक्त किये गये मामलों का प्रतिशत, जिनके खारिज किये गये अथवा वापस किये गये मामले सम्मिलित नहीं हैं
१	२	३	४	५
१९५५	२५	२८	६५	२८.७
१९५६	२१	२५	६३	२९.५
१९५७	२३	२७	६५	२८
१९५८	२४.५	२७.८	६४	२७.७
१९५९	२५	२५	६३	२६.३

रिपोर्ट किये गये मामलों की तुलना में सिद्धदोष मामलों के प्रतिशत में १९५९ में कुछ सुधार हुआ है। सिद्धदोष मामलों के प्रतिशत और जांच किये गये सही मामलों के प्रतिशत में कुछ कमी हुई है। सिद्धदोष मामलों के विषय में १९५९ में २५ प्रतिशत सुधार हुआ है, जबकि इसकी तुलना में १९५८ में यह प्रतिशत २४.५ था तथा जांच किये गय सही मामलों का प्रतिशत १९५८ में २७.८ प्रतिशत से १९५९ में घटकर २५ प्रतिशत हो गया है। निर्णीत मामलों की संख्या की तुलना में सिद्धदोष मामलों का प्रतिशत कुछ घटकर ६३ हो गया है, जबकि १९५८ की तुलना में यह प्रतिशत ६४ था। यद्यपि पिछले वर्षों में प्राप्त परिणामों से ये आंकड़े काफी मिलते जुलते हैं, तथापि आग भी सुधार संभव है। उपलब्ध साधनों के अन्तर्गत ही संभव प्रयास किया जा रहा है, जिससे जांच तथा अभियोजन सम्बन्धी कार्य (Prosecutions) में सुधार किया जा सके। और अधिक वैज्ञानिक सहायता की आवश्यकता सामान्यतया अनुभव की गई है। नीचे दिये हुये कारणों से भी बहुधा परिणाम असन्तोषजनक पाये गये हैं और उनके सम्बन्ध में उपाय करने की आवश्यकता है—

(१) स्वतन्त्र तथा विश्वस्त साक्षी सामान्यतया साक्ष्य देने के लिये सामने आना नहीं चाहते क्योंकि इससे उन्हें असुविधा होती है और वे लोगों को अपने विरुद्ध नहीं करना चाहते ।

(२) जमानत पर छोड़े हुये अभियुक्तों द्वारा दी गई हिंसा की धमकियों से बहुधा गवाह बिगड़ जाते हैं।

कुछ बड़े नगरों में जांच कर्मचारियों से वाच ऐन्ड वार्ड (रक्षा प्रहरी) के अलग करने तथा द्रुतगामी दलों की व्यवस्था करने से अपराधों को अधिक अच्छी रीति से पता लगाने तथा मामलों की तुरन्त छान-बीन करने में बड़ी सहायता मिली है ।

आधुनिक मांगों के अनुसार वैज्ञानिक जांच के उन्नत ढंगों, वैज्ञानिक सहायता की व्यवस्था और जांच करने वाले कर्मचारिवर्ग में वृद्धि के कारण आशा की जाती है कि अब लगभग और भी अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

१९५९ में सब इन्स्पेक्टरों द्वारा पूर्ण रूप से अदक्षता के साथ अथवा भ्रष्टता पूर्वक जांच करने के १०४ उदाहरण मिले जिनका पता ज्येष्ठ पुलिस अधिकारियों ने उस समय लगाया जबकि जांच कार्य किया जा रहा था। ९५ मामलों में दोषी सब-इन्स्पेक्टरों को उपयुक्त दंड दिये गये और १९५९ के अन्त तक ९ मामलों में अन्तिम-रूप से कार्यवाही नहीं हो पाई थी ।

२१--चुराई गई और बरामद की गई सम्पत्ति--गत तीन वर्षों में चुराई गई सम्पत्ति की धनराशि तथा बरामद की गई सम्पत्ति का प्रतिशत नीचे रुपयों में दिया गया है :—

अपराध	१९५७		१९५८		१९५९	
	चुराई गई सम्पत्ति	बरामद की गई सम्पत्ति का प्रतिशत	चुराई गई सम्पत्ति	बरामद की गई संपत्ति का प्रतिशत	चुराई गई सम्पत्ति	बरामद की गई सम्पत्ति का प्रतिशत
सेंध लगाना	८०,३२,८५६	६.८	७५,९३,३४९	६.९	६०,४१,५५१	८.१
अन्य चोरियां	५२,९२,५६१	१९.६	६१,५७,६६८	१७.९	८४,४०,४९६	१५.७
डकैती	१३,९६,०७२	२.५	१२,२२,६५२	३.८	१४,०८,४२४	३.५८
लूटमार	२,५२,५७४	२५.९	६,८८,४४३	३.५	४,८९,४६५	५७.६
आपराधिक विश्वासघात	९,२२,९२४	९.९	९,६५,४८४०	९.९	६,७३,५२३	१०.८
लोक सेवकों अथवा उनके अभिकर्ताओं द्वारा अपराधिक विश्वासघात	४,७९,७६४	५.५	४,१९,२२५	४.६	६,१७,८०८	९.१८

१९५८ की तुलना में १९५९ में "सेंध लगाना" तथा "लूटमार" शीर्षकों के अन्तर्गत चुराई गई अथवा लूटी गई सम्पत्ति के मूल्य में कमी हुई जबकि "अन्य चोरियों" डाका तथा आपराधिक विश्वासघात जैसे अन्य शीर्षकों के अन्तर्गत चुराई गई अथवा लूटी गई सम्पत्ति के मूल्य में वृद्धि हुई तथा लोक सेवकों और अभिकर्त्ताओं से संबंधित मामलों में १९५८ की तुलना में १९५९ में वृद्धि हुई। शीर्षक "सेंध लगाना" "लूटमार करना", "आपराधिक विश्वासघात" तथा लोक सेवकों अथवा उनके अभिकर्त्ताओं द्वारा आपराधिक विश्वासघात के अन्तर्गत बरामद की गई सम्पत्तियों के प्रतिशत में वृद्धि हुई शीर्षक "लूटमार" के अधीन बरामद की गई सम्पत्ति में १९५८ के ३.५ प्रतिशत की तुलना में १९५९ में ५७.६ प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई। शीर्षक "डकैती" और "अन्य चोरियां" के अधीन बरामद की गई सम्पत्ति के प्रतिशत में १९५८ की तुलना में कुछ कमी हुई।

आपवादिक रूप से अच्छी वसूली १,०९,७०० रुपये की हुई जिसे मेरठ सिटी पुलिस ने श्री अनवर सैमुअल दत्ता, खंड विकास अधिकारी, कांगड़ा, पंजाब की गिरफ्तारी करके की। श्री दत्ता श्री एस० के भासीन नामक कल्पित नाम से एक मेरठ होटल में रहते थे। श्री दत्ता १,५०,००० रुपये की धनराशि का गबन करके फरार हो गये थे।

२२--<u>मोटर वेहिकिल्स ऐक्ट तथा यातायात सम्बन्धी अपराध</u>--पिछले पांच वर्षों में दुर्घटनाओं और मोटर वेहिकिल्स ऐक्ट तथा तदधीन बने नियमों के उपबन्धों का उल्लंघन करने पर पुलिस द्वारा चलाये गये मुकदमों के आंकड़े निम्नलिखित हैं :--

	१९५५	१९५६	१९५७	१९५८	१९५९
व्यक्ति जो मारे गये ..	४१०	४७७	५३२	५३२	६२१
व्यक्ति जो घायल हुये ..	८४१	९५२	७९१	८१९	१,००६
विधि की धारायें--					
इंडियन पैनल कोड की धारा ३०४ ..	३६५	३०९	४८०	४९८	५९२
इंडियन पैनल कोड की धारा ३३७/३३८	४७९	६४९	५९३	६३१	६६६
इंडियन पैनल कोड की धारा २७९ और मोटर वेहिकिल्स ऐक्ट की धारा ११६	६५५	५१२	५९६	५३४	२९४
बसों पर निर्धारित संख्या से अधिक यात्री बैठाना	३८८	२९७	३६९	२६८	२६२
ट्रकों पर निर्धारित परिमाण से अधिक सामान लादना	५३१	९७६	७४६	८४६	९४३

यातायात सम्बन्धी अपराधों की संख्या और साथ ही मारे गये तथा घायल व्यक्तियों की संख्या अब भी पहले की तरह बढ़ी हुई है। शहरों में अधिक भीड़-भाड़ होने, ड्राइवरों तथा पैदल चलने वालों को सड़क पर ठीक से आने जाने का ज्ञान न होने तथा बसों और ट्रकों पर निर्धारित संख्या से अधिक यात्री बैठाने या अधिक सामान लादने के सम्बन्ध में नियमों के उल्लंघन और साथ ही परिवहन के यांत्रिक साधनों में वृद्धि होने के

कारण मुख्यतया इतनी दुर्घटनायें हुईं। बड़े शहरों में सड़कों पर विनय सप्ताह मनाकर तथा अन्य प्रचार करके इस सम्बन्ध में आम जनता को शिक्षा देने तथा उन्हें यातायात सम्बन्धी अधिक ज्ञान कराने के प्रयत्न बराबर किये जाते रहे। ट्रैफिक पुलिस के पूर्ण प्रशिक्षण पर भी अपेक्षाकृत अधिक ध्यान दिया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस कान्स्टेबुलों को अपने व्यवहार में नम्रता लाने के अनुदेश बराबर दिये जा रहे हैं। नगरपालिकाओं तथा नगर सुधार मंडलों (इम्प्रूवमेंट ट्रस्टों) से महत्वपूर्ण यातायात स्थलों पर (Traffic Points) ट्रैफिक आइलैन्ड्स तथा कैनोपी (Canopies) बनवाने के लिये बराबर कहा जा रहा है। मोटर को तेज गति से तथा उतावला होकर चलाने के अपराधों को अच्छी प्रकार रोकने के लिये बड़े शहरों में सचल कार रखे जाने की अविश्यकता का लगातार अनुभव किया जा रहा है।

२३—निगरानी (Surveillance)—१९५८ के अन्त में ६०,२२४ व्यक्तियों की तुलना में तथा १९५७ के अन्त में ५८,८१५ व्यक्तियों की तुलना में १९५९ के अन्त में ६१,२०६ व्यक्ति पुलिस की निगरानी में थे। पुलिस की निगरानी के अधीन रखे गये व्यक्तियों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है क्योंकि सभी बदमाश व्यक्तियों को पुलिस की निगरानी में रखने के प्रयत्न किये जा रहे हैं। १९५९ में पुलिस की निगरानी में रखे गये ४४,५६७ व्यक्ति भूतपूर्व सिद्धदोषी थे, जबकि इसकी तुलना में १९५८ में ऐसे व्यक्तियों की संख्या ४३,५५५ और १९५७ में ४२,६०७ थी। शेष व्यक्तियों को उनकी कुख्याति तथा कथित आपराधिक कार्यवाहियों के कारण पुलिस की निगरानी में रखा गया था। पुलिस की निगरानी में रखे गये व्यक्तियों में से १९५९ के अन्त में ९,५७९ व्यक्ति जेल में थे तथा ६,२५७ व्यक्ति लापता थे। लापता नम्बरी बदमाशों की संख्या कम होती जा रही है, जो १९५८ और १९५७ में क्रमशः ७,७३७ और ७,५७७ थी। इसका कारण लापता नम्बरी बदमाशों का पता लगाने में किये गये सतत प्रयास हैं। १९५९ के अन्त में "क" वर्ग के नम्बरी बदमाशों की संख्या ४,६२८ थी, जबकि इसकी तुलना में १९५८ तथा १९५७ के अन्त में इनकी संख्या क्रमशः ४,६३६ और ४,८०४ थी। १९५९ के अन्त में "ख" वर्ग के नम्बरी बदमाशों की संख्या ८९५ थी, जबकि १९५८ और १९५७ के अन्त में यह संख्या क्रमशः ८०९ और ९३१ थी। "क" वर्ग के नम्बरी बदमाशों की संख्या कुछ कम हो गई है, जबकि "ख" वर्ग के नम्बरी बदमाशों की संख्या में कुछ वृद्धि हुई है। ऐसा देखा गया है कि बहुत से ऐसे व्यक्ति विभिन्न स्थानों में मिलों में और फैक्ट्रियों में अपने कल्पित नामों से जगह पा जाते हैं।

२४—निवारक कार्यवाही—दंड प्रक्रिया संहिता (क्रिमिनल प्रोसीजर कोड) की धारा १०९ और ११० के अधीन निवारक कार्यवाही के सम्बन्ध में पिछले तीन वर्षों के तुलनात्मक आंकड़े नीचे दिये जाते हैं:

वर्ष	दंड प्रक्रिया संहिता (क्रिमिनल प्रोसीजर कोड) की धारा ११०		दंड प्रक्रिया संहिता (क्रिमिनल प्रोसीजर कोड) की धारा १०९	
	उन व्यक्तियों की संख्या जिनपर मुकदमा चलाया गया	उन व्यक्तियों की संख्या जिनसे मुचलके लिये गये	उन व्यक्तियों की संख्या जिन पर मुकदमा चलाया गया	उन व्यक्तियों की संख्या जिनसे मुचलके लिये गये
१९५७	३,००४	१,८६८	१४,९९६	१०,३३६
१९५८	२,९४२	१,८३५	१२,९३९	८,९९३
१९५९	२,८९६	१,९९३	१२,०२५	८,७१९

स्थानीय दलबंदियों तथा बदमाशों और गुन्डों के विरुद्ध गवाही देने के लिये आगे आने के सम्बन्ध में प्रतिष्ठित स्थानीय गवाहों को हिचक होने के कारण क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की धारा ११० के अधीन कार्यवाही करना प्रायः कठिन हो जाता है। राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के निजी प्रयत्नों के कारण बहुत से गुन्डों तथा बदमाशों का दमन करने के हेतु जनता का सहयोग प्राप्त करने में बहुत सफलता मिली है।

हैबिच्युअल अफेन्डर्स रेस्ट्रिक्शन ऐक्ट के अधीन बलिया से आये हुये एक व्यक्ति पर मुकदमा चलाया गया और यह मुकदमा वर्ष के अन्त तक अन्वीक्षाधीन रहा।

भाग ४

२५—जिला कार्यकारी दल (District Executive Force)—(१) कुल संख्या तथा व्यय—स्थायी तथा अस्थायी दोनों प्रकार के कर्मचारियों को मिलाकर इस दल की कुल संख्या १९५९ के अन्त में ६३,२५५ थी जबकि १९५८ के अन्त में यह संख्या ६३,११६ और १९५७ के अन्त म ६२,२३० थी। १९५८–५९ के ९,३६,८३,३०५ रुपये की तुलना में १९५९–६० में इस दल पर कुल प्रत्याशित व्यय ९,७५,११,९०० रुपया हुआ।

१९५९–६० का प्रत्याशित व्यय ९,७५,११,९०० रुपये था, जबकि इसके लिये ९,४१,८४,६०० रुपये की मूल धनराशि दी गई थी। इस प्रकार पुलिस पर व्यय राज्य के कुल राजस्व का केवल ८.१५ प्रतिशत हुआ जबकि युद्ध के पूर्व यह व्यय राज्य के कुल राजस्व का लगभग १३ प्रतिशत होता था।

बढ़ती हुई जन संख्या तथा पुलिस की बढ़ती हुई मांग होने पर भी पुलिस दल की कुल संख्या में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ है विशेषकर पुलिस के कार्य कलापों में निरन्तर वृद्धि को दृष्टि में रखते हुये बहुत से शहरों और नगरों में पुलिस की स्वीकृत संख्या सामान्यतया अपर्याप्त है। वस्तुतः उत्तर प्रदेश में पुलिस कर्मचारियों की संख्या प्रति हजार जन संख्या के पीछे केवल १ आती है और मध्य प्रदेश तथा बिहार को छोड़कर देश में सबसे कम है। बम्बई तथा मध्य भारत में उक्त संख्या १९५५ में १.८ थी, जब कि उत्तर प्रदेश में यह संख्या .८ थी। पर्यवेक्षक (सुपरवाइजरी) कर्मचारियों की संख्या भी अपर्याप्त है तथा इसके पुनरीक्षण की आवश्यकता है। अब राज्य सरकार ने इस मामले की जांच करने के लिये एक पुलिस आयोग संगठित किया है और यह आशा की जाती है कि यह आयोग सम्पूर्ण पुलिस दल के मूल रूप से पुनःसंगठन पर विचार करेगा।

(२) सिविल पुलिस—१९५९ के अन्त में सिविल पुलिस के स्थायी कर्मचारियों की संख्या ३३,९४० थी, जबकि इसकी तुलना में १९५८ तथा १९५७ के अन्त में यह संख्या क्रमशः ३३,९०७ और ३३,७५८ थी।

बड़े शहरों में अनुसंधान कर्मचारीवर्ग को विधि और व्यवस्था कर्मचारी वर्ग से अलग करने तथा महत्वपूर्ण पुलिस चौकियों पर सब इंस्पेक्टर तैनात करने की कार्यवाही पूर्ववत् उपयोगी सिद्ध हुई है। एक लाख या उससे अधिक की जनसंख्या वाले अन्य शहरों में इन योजनाओं के प्रसार का प्रश्न विचाराधीन है।

प्रतापगढ़ और बुलन्दशहर के अतिरिक्त, अन्य जिलों में भी गांव के चौकीदारों के स्थान पर गश्ती सिपाही (बीट कान्स्टेबुल) रखने के प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है।

इस वर्ष भी विदेशों के बहुत से विशिष्ट व्यक्ति इस राज्य में पधारे, जिसके लिये पुलिस को व्यापक व्यवस्था करनी पड़ी, विशेषकर अमेरिका के राष्ट्रपति के आगमन के सम्बन्ध में, परन्तु इस भारी कार्यभार को पुलिस के सभी पदाधिकारियों ने प्रसन्नता से वहन किया।

सूचना कक्षों, द्रुतगामी दलों, खोये हुये बच्चों को ढूंढने वाले दलों, "हमारे योग्य कोई सेवा" दलों ने बहुत अच्छा कार्य किया तथा अनेक अवसरों पर द्रुतगामी दल द्वारा सत्वर कार्यवाही करने के कारण स्थिति को बिगड़ने से पहले ही संभाल लिया गया। बहुत से जिलों द्वारा स्वयं अपने कर्मचारियों तथा मोटर गाड़ियों का विभाजन करके ऐसे द्रुतगामी दल स्थापित किये गये हैं। अधिकतर जिलों में विनय पक्षों तथा अपराध निवारक सप्ताहों का आयोजन किया गया, जिससे अच्छे परिणाम निकले।

(३) सशस्त्र पुलिस—सशस्त्र पुलिस के स्थायी कर्मचारियों की संख्या १९५९ के अन्त में ११,३७३ थी, जबकि १९५८ के अन्त में यह संख्या ११,३४० और १९५७ के अन्त में ११,५६४ थी।

(४) अश्वारोही पुलिस (Mounted Police)—अश्वारोही पुलिस के स्थायी कर्मचारियों में ६ सब इन्सपेक्टरों, ३३ हेड कान्सटेबुल और १५१ कांस्टेबुल हैं। १९५९ के अन्त तक घोड़ों की संख्या २३६ थी, जबकि १९५८ के अन्त में यह संख्या २३५ तथा १९५७ के अन्त में २२९ थी। इसमें, पुलिस ट्रेनिंग कालेज, मुरादाबाद में प्रशिक्षण पाने वाले पत्रित अधिकारियों तथा एस० आई० कैडिटों को प्रशिक्षण देने के निमित्त रखे जाने वाले घोड़े भी सम्मिलित हैं।

(५) अभियोजक कर्मचारी (Prosecuting Staff)—१९५९ के अन्त में स्थायी अभियोजक कर्मचारियों में ७ ज्येष्ठ लोक अभियोक्ता, ५३ लोक अभियोक्ता तथा ३०४ सहायक लोक अभियोक्ता थे। इसके अतिरिक्त अस्थायी कर्मचारियों में ५ ज्येष्ठ लोक अभियोक्ता, ३ लोक अभियोक्ता और ५५ सहायक लोक अभियोक्ता थे, जो जिलों में बढ़े हुये कार्य को करने के लिये रखे गये थे।

कतिपय बाधाओं के रहते हुये भी मुकदमों का संचालन सन्तोषजनक रूप से किया गया।

(६) अग्नि शमन सेवा—राजकीय अग्निशमन सेवा ने जो आजकल केवल पांच बड़े नगरों में कार्य कर रही है, कार्य करने की बहुत कठिन एवं परीक्षापूर्ण परिस्थितियों में आग बुझाने तथा आग से बचाव करने में बहुत अच्छा कार्य किया है। विभिन्न परिमाणों की आग बुझाने के अतिरिक्त उन्होंने ध्वस्त भवनों में दबे हुये व्यक्तियों तथा सम्पत्ति को निकालकर अपने कार्य का अच्छा परिचय दिया है। कतिपय अवसरों पर उत्तर प्रदेश अग्नि शमन सेवा को अपने कार्य क्षेत्र के बाहर यहां तक कि इस राज्य के बाहर भी, कार्य करना पड़ा। आजकल इस राज्य की अग्नि शमन सेवा के कर्मचारियों में ३ चीफ फायर आफिसर। मुख्य अग्नि शमन अधिकारी। ८ फायर स्टेशन आफिसर, ८ फायर स्टेशन सेकेन्ड आफिसर, ३० अग्नि शमन सेवा ड्राइवर, १९ प्रमुख फायर मैन और १३३ फायरमैन हैं। १९५९ में उन्होंने ५९० अग्नि दुर्घटनाओं में आग बुझाने तथा ९९ विशेष सेवा के कार्य किये, जबकि १९५८ में उन्होंने क्रमशः ६४१ तथा १०९ दुर्घटनाओं में उक्त सेवा कार्य किया था। १९५९ में ९४,३६,५५८ रुपये के मूल्य की सम्पत्ति क्षति ग्रस्त या नष्ट हुई, जबकि १९५८ में केवल ४८,४१,०६० रुपये के मूल्य ही की सम्पत्ति क्षतिग्रस्त हुई थी। इसके अतिरिक्त ६५ व्यक्तियों तथा ४७ पशुओं की जानें गयीं, जबकि १९५८ में ७० व्यक्तियों और ७९ पशुओं की जानें गई थीं। अग्नि शमन सेवा के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने १९५९ में १२६ व्यक्तियों तथा ३६ पशुओं की जानें बचाई, जबकि १९५८ में १२५ व्यक्तियों तथा १९ पशुओं की जानें बचाई गई थीं। इसके अतिरिक्त १ करोड़ रुपयेके मूल्य की सम्पत्ति भी बचाई गई।

राजकीय अग्नि शमन सेवा की साज सज्जा अधिकतर वही है, जो अग्नि शमन सेवा का आयोजन करते समय म्युनिसिपल फायर ब्रिगेडों से प्राप्त की गई थी। इनमें से अधिकतर मशीनें पुरानी हो गई हैं और उनको बदलने की आवश्यकता है। सम्पूर्ण अग्नि शमन सेवा को आधुनिक तथा वैज्ञानिक ढंग पर लाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने एक क्रमिक कार्यक्रम स्वीकृत किया था और इसके लिये ५ वर्षों में धन देने की व्यवस्था की थी। राज्य सरकार को अपनी अग्नि शमन सेवा की साज सज्जा को उन्नत करने के लिये सहायता देने में भारत सरकार भी बड़ी दिलचस्पी ले रही है। राजकीय अग्नि शमन सेवा को सुसज्जित करने के निमित्त भारत सरकार ने अभी हाल में ५,४६,००० रुपये का अनुदान अग्नि शामक साज सज्जा खरीदने को स्वीकृत किया है।

इलाहाबाद के राजकीय अग्नि शमन सेवा प्रशिक्षण केन्द्र (State Fire Training School) ने, १९५६ में अपनी स्थापना के समय से २०५ प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया है, जिनमें जनता तथा पुलिस, दोनों ही के लोग थे। १९५९ की अवधि में पुलिस के १ फायर स्टेशन सेकेन्ड आफिसर, ६ ड्राइवर, १ प्रमुख फायरमैन और २६ फायरमैन तथा जनता के २२ अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया।

२६—अभिसूचना तथा अपराध अनुसंधान विभाग—ये दोनों विभाग, अर्थात् वर्तमान अभिसूचना विभाग तथा अपराध अनुसंधान विभाग पूर्ववर्ती अपराध अनुसंधान विभाग के भाग थे, जो १९५८ में दो विभागों में बांट दिया गया था और प्रशासन विभाग उसमें मिला दिया गया था। वर्तमान स्थिति यह है कि अभिसूचना विभाग में विशेष शाखा (Special Branch) तथा प्रशिक्षण और सुरक्षा शाखा सम्मिलित हैं और अपराध अनुसंधान विभाग के अन्तर्गत अपराध शाखा, राजकीय अपराध सूचना कार्यालय (ब्यूरो), परिवाद योजना तथा अंगुलांक कार्यालय ब्यूरो और वैज्ञानिक अनुभाग हैं। इन दोनों विभागों की अलग-अलग कार्यवाहियां नीचे दी गई हैं :

१—अभिसूचना विभाग

(१) विशेष शाखा—भारत के बाहर और भीतर दोनों ही स्थानों की राजनैतिक स्थिति में परिवर्तन हो जाने के कारण इस शाखा को अत्यधिक कार्य करना पड़ा जिसे उसने सन्तोषजनक रूप से सम्पन्न किया। पिछले वर्षों की भांति यह शाखा अच्छा कार्य करती रही।

(२) सुरक्षा तथा प्रशिक्षण शाखा—यह शाखा भी वर्ष पर्यन्त अत्यन्त व्यस्त रही और अपने कर्तव्यों का सन्तोषजनक रूप से पालन करती रही। इस राज्य में अनेक विशिष्ट व्यक्तियों के आगमन के कारण इस शाखा के अधिकारियों को निरन्तर कार्य करते रहना पड़ा।

२—अपराध अनुसंधान विभाग

अपराध अनुसंधान शाखा—अपराध अनुसंधान विभाग की अपराध शाखा के कर्मचारियों ने लगातार अत्यधिक कार्यभार होने पर भी कार्यक्षमता के अपने सामान्य उच्चस्तर के साथ जटिल मामलों की जांच की। इस शाखा की अपने कार्य के सम्बन्ध में अच्छी ख्याति है तथा अपराध अनुसंधान विभाग द्वारा की गई जांचों के सम्बन्ध में सामान्यतया सन्तोष और विश्वास की भावना रहती है। इसका यह प्रमाण है कि अपराध अनुसंधान विभाग द्वारा जांच कराने की मांग दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है।

वर्ष १९५८ में की गई ३६३ जांचों की तुलना में १९५९ की अवधि में इस शाखा द्वारा की गई जांचों की संख्या बढ़कर ४४६ हो गई। १९५९ में १३३ अनुसंधान पूरे किये गये, जबकि १९५८ में १०७ अनुसंधान किये गये थे। १९५९ में न्यायालयों द्वारा ६६ मामले निर्णीत किये गये, जबकि १९५८ में ५२ मामलों का निस्तारण किया गया था। १९५९ में १०४ प्रकीर्ण जांचों का निस्तारण हुआ, जबकि १९५८ में १२४ का निस्तारण किया गया था इस प्रकार जांचों, अनुसंधानों तथा मुकदमों सभी के सम्बन्ध में सुधार हुआ।

१९५९ में प्रारम्भिक अधिक्षेत्र के न्यायालयों में ९२ प्रतिशत मामलों में अपराधी दोषी सिद्ध हुये, जबकि १९५८ में यह प्रतिशत ९१ था। १९५९ में सत्र न्यायालयों में विचाराधीन अपीलों में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त हुई, जबकि १९५८ में ९० प्रतिशत सफलता मिली थी। १९५९ की अवधि में उच्च न्यायालय में ८२ प्रतिशत मामलों में अपराधी अभिशस्त हुये, जबकि १९५८ में ७१ प्रतिशत अभिशस्त हुये थे। ये परिणाम वस्तुतः बहुत सराहनीय हैं। १९५९ के अन्त में ९८ मामले न्यायालयों में विचाराधीन थे, जबकि १९५८ के अन्त में ९३ मामले विचाराधीन थे। १९५९ के अन्त में विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन अपीलों की संख्या ३८ थी, जबकि १९५८ के अन्त में यह संख्या ३२ थी।

इन्सपेक्टरों का केन्द्रीय समुच्चय १९५६ में समाप्त कर दिया गया था, किन्तु १९५९ के आरम्भ में निस्तारण के निमित्त २ मामले शेष रह गये थे। इनमें से एक सब-इन्सपेक्टर को उनके विरुद्ध आरम्भ की गई वैभागिक कार्यवाही के परिणाम स्वरूप बरखास्त कर दिया गया था और दूसरा मामला सत्र न्यायालय में विचाराधीन है।

नीचे दिये गये विवरण से अनुसंधान शाखा द्वारा पिछले पांच वर्षों में किये गये अनुसंधानों का पता चलता है :--

वर्ष	नई जांचें	पिछले वर्षों के मामले (जो अनुसंधान और विचार के निमित्त हैं)	निस्तारित मामलों का योग	अभ्युक्ति
१९५५	९६	२४१	३३७	
१९५६	१३०	२१६	३४६	
१९५७	१११	२१९	३३०	
१९५८	१३५	२२८	३६३	
१९५९	१६८	२७८	४४६	

१९५९ की अवधि में प्रारम्भ की गयी जांचों के निस्तारण के व्योरे निम्न प्रकार हैं:--

१--प्रारम्भिक अधिक्षेत्र के न्यायालयों द्वारा अभिशस्त मामले	३६
२--प्रारम्भिक अधिक्षेत्र के न्यायालयों द्वारा विमुक्त मामले ..	३
३--सरकार द्वारा अपील करने पर उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालयों द्वारा अभिशस्त मामले ..	१
४--उच्च न्यायालय तथा सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने पर विमुक्त मामले	४
५--विभागिक कार्यवाही द्वारा दण्डित मामले ..	७
६--मामले जो अन्यकारणों से समाप्त कर दिये गये ..	१०४
७--निम्न न्यायालयों में विचाराधीन मामले ..	६८
८--सत्र न्यायालयों में विचाराधीन मामले ..	३०
९--सत्र न्यायालयों में अपीलों के विचाराधीन मामले ..	३
१०--उच्च न्यायालयों में विचाराधीन अपीलें तथा पुनरीक्षण के मामले	३१
११--सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन अपीलें ..	४
१२--शासकीय आज्ञा की प्राप्ति तक लम्बमान मामले ..	८
१३--अनुसंधान के अंतर्गत मामले जो आवश्यक कार्यवाही के लिये अन्य अधिकारियों को भेजे गये	१४७
योग ...	४४६

अपराध शाखा द्वारा जांच किये गये महत्वपूर्ण मामलों में से कुछ नीचे दिये जाते हैं :--

(१) <u>कानपुर में रहस्यमय हत्यायें</u>--

बहुत सी ऐसी हत्यायें की गई जिनका प्रत्यक्षतः कोई प्रयोजन नहीं था और खुले स्थानों में सोते हुये निर्दोष व्यक्ति मारे गये थे । इन हत्याओं के कारण शासन को अति चिन्ता हुई और जनता में बड़ा आतंक फैल गया । अपराध शाखा द्वारा चतुर और बुद्धि संगत अन्वेषण करने के पश्चात् इन हत्याओं के लिये उत्तरदायी व्यक्ति गिरफ्तार किया गया। यह प्रशंसनीय सफलता थी ।

(२) जिला देवरिया का रामकोला रेलगाड़ी (ट्रेन) डकैती का मामला--

चलती हुई रेलगाड़ी में डकैती का एक सनसनी खेज मामला हुआ, जिसमें रामकोला शक्कर मिल के रक्षक को गोली मारकर हत्या करने और खजांची तथा एक अन्य यात्री को घायल करने के बाद, १ लाख रुपये के नोट छीन लिये गये थे। बिहार का एक गिरोह इसके लिये जिम्मेदार पाया गया और ७ अपराधियों को, जिनका चालान किया गया था, सत्र न्यायालय द्वारा अपराधी ठहराया गया । लूटी गई सम्पत्ति में से ७,०८० रु० की नकद धनराशि भी बरामद की गई ।

(३) गाजीपुर में अफीम की चोरी का मामला--

यह गाजीपुर की अत्यधिक सुरक्षित अफीम की सरकारी फैक्ट्री से १ लाख रुपये के मूल्य की अफीम की चोरी का सनसनीखेज मामला था। इस मामले का पता लगाया गया और चुराई गई लगभग समस्त अफीम बरामद कर ली गई। ९ आदमियों के पूरे गिरोह पर मुकदमा चलाया गया और सभी अपराधियों को सजा हो गई।

(४) बरेली में इलाहाबाद बैंक की डकैती का मामला--

यह मामला दिसम्बर, १९५९ में हुआ था जब कि भारी हथियारों से लैस एक गिरोह ने स्थानीय रोडवेज की एक कार चुरा कर बैंक से २४,४४५ रु० की नकद धनराशि दिन दहाड़े लूट ली। गिरोह का पता लगाया गया और एक स्टेन गन तथा अनेक हथियार बरामद किये गये।

२--पुलिस श्वान दल--सरकार द्वारा यथा-स्वीकृत श्वान दल के कर्मचारियों में २ सब-इन्सपेक्टर, ३ कान्सटेबुल और श्वान शाला पाल (Kennel man) तथा ५ श्वान हैं। सभी कर्मचारी तथा श्वान अब पूर्णतया प्रशिक्षित कर दिये गये हैं। यह दल लखनऊ और अन्य स्थानों में महत्वपूर्ण मामलों का पता लगाने में मूल्यवान सहायता देता रहा, जिनमें से विशेष उल्लेखनीय मामला आगरा में श्रीमती कामथ की हत्या का था। उत्तर प्रदेश पुलिस श्वान दल के उच्चस्तरीय प्रशिक्षण तथा कार्यक्षमता के कारण बहुत से राज्यों ने अपने-अपने राज्यों में श्वान-दल स्थापित करने के लिये हमारी सहायता मांगी।

३--अंगुलांक कार्यालय (Finger print Bureau) तथा वैज्ञानिक अनुभाग--इस अनुभाग ने अपने सीमित कर्मचारियों से ही सदा की भांति अपने कार्य का उच्च स्तर बनाये रखा और अपराधों के अनुसंधान में वैज्ञानिक सहायता की व्यवस्था करके जिलों को बहुमूल्य सहायता देकर बहुत उपयोगी कार्य किया।

(क) अंगुलांक कार्यालय--१९५९ में अंगुलांक पर्णियों की कुल संख्या २,९५,८०७ थी, जबकि १९५८ में २,९९,३९६ थी। १९५९ में प्राप्त अन्वेषण पर्णियों की संख्या १८,९१३ थी, जबकि १९५८ में यह संख्या १८,२८२ थी।

पुनः सिद्ध दोष व्यक्तियों की अभिलेख पर्णियों को सम्मिलित करके नयी अभिलेख पर्णियों की संख्या १९५९ में २०,१८७ थी, जबकि १९५८ में १८,४३१ थी। इस कार्यालय ने १९५९ में विशेषज्ञ मत के सम्बन्ध में शुल्क के रूप में २२,४७६ रु० कमाये, जबकि १९५८ में २०,७३८ रु० कमाये थे।

(ख) वैज्ञानिक अनुभाग--इस अनुभाग में आग्नेयास्त्र तथा विविध परीक्षा अनुभाग, संदिग्ध लेख्य अनुभाग तथा फोटोग्राफी अनुभाग सम्मिलित हैं। प्रत्येक अनुभाग के कार्य संचालन का विवरण नीचे अलग-अलग दिया गया है।

आग्नेयास्त्र तथा विविध परीक्षा अनुभाग--१९५९ की अवधि में २९३ मामलों की परीक्षा की गई, जबकि १९५८ में ३०७ मामलों की परीक्षा की गई थी। १९५९ में परीक्षित प्रदर्शों (Exhibits) की संख्या १,८०१ थी जबकि १९५८ में १,७२९ थी। १९५९ में आग्नेयास्त्रों की पहचान के सम्बन्ध में ९२ प्रतिशत मामलों में निश्चित राय दी गई, जबकि १९५८ में ८७.९ प्रतिशत मामलों में निश्चित राय दी गई थी। इससे इस अनुभाग को १९५९ में २,५०० रुपये की आय हुई जबकि १९५८ में २,५७० रु० की आय हुई थी।

संदिग्ध लेख्य अनुभाग--इस अनुभाग को भेजे गये मामलों की संख्या में वृद्धि हुई। वर्ष १९५९ में यह संख्या ७९५ थी, जबकि १९५८ में ५९५ थी। इस वर्ष अशासकीय विशेषज्ञों को केवल २ मामले दिये गये, जबकि १९५८ में ४५ मामले दिये गये थे। दीवानी न्यायालयों द्वारा भेजे गये केवल ६ मामले वापस किये गये क्योंकि कर्मचारियों के पास अत्यधिक कार्य था इस वर्ष की आय में अधिक वृद्धि हुई और गत वर्ष अर्जित २,२७५ रु० की तुलना में इस वर्ष ९,४६५ रु० अर्जित किये गये।

फोटोग्राफी अनुभाग--१९५९ की अवधि में १४,८६९ फोटो तैयार किये गये, जबकि १९५८ की अवधि में १०.७८३ फोटो तैयार किये गये थे। १९५९ में १०० घटनास्थलों के फोटो लिये गये, जबकि १९५८ में ८२ फोटो लिये गये थे। इस प्रकार इस अनुभाग का कार्य लगभग उसी स्तर पर बना रहा है जैसा कि १९५८ में था।

राज्य में एक विधि विज्ञान प्रयोगशाला (Foregnsie Science Laboratory) शीघ्र ही स्थापित होने वाली है और उसके लिये एक भवन बनाया जा रहा है, जो पूर्ण होने वाला है।

४--प्रशिक्षण अनुभाग--यह अनुभाग प्रवीण कर्मचारियों को प्रशिक्षण देता रहा और १९५९ की अवधि में १२० अधीनस्थ अधिकारियों तथा कर्मचारियों के ९ दल प्रशिक्षित किये गये, जबकि १९५८ में १६६ अधीनस्थ अधिकारियों तथा कर्मचारियों के १२ दल प्रशिक्षित किये गये थे।

५--राजकीय आपराधिक सूचना कार्यालय और जिला अपराध अभिलेख अनुभाग--राजकीय आपराधिक सूचना कार्यालय जो १९४७ में स्थापित हुआ था, अपराधों, अपराधियों तथा सम्पत्ति के बारे में सूचना एकत्रित तथा समन्वित करता रहा, जिसके काफी अच्छे परिणाम निकले। इस वर्ष ६६ मामलों में अनुसंधान अधिकारियों को लाभप्रद सूचना भेजी गई। राजकीय अपराधिक सूचना कार्यालय विभिन्न वर्तमान समस्याओं का अध्ययन करने के पश्चात् टिप्पणियां भी प्रकाशित करता रहा है, जो बहुत उपयोगी सिद्ध हुई हैं।

इस वर्ष जिला अपराध अभिलेख अनुभाग में अभिलेखों को रखने के सम्बन्ध में सब-इंसपेक्टरों को कोई प्रशिक्षण नहीं दिया जा सका क्योंकि इस अनुभाग का पुनस्संगठन होने के कारण प्रत्येक व्यक्ति व्यस्त रहा। इस प्रकार उन सब-इंसपेक्टरों की संख्या, जो इस अनुभाग द्वारा अब तक प्रशिक्षित किये जा चुके हैं, ६५७ होती है।

२७--सरकारी रेलवे पुलिस--१९५९ की अवधि में दर्ज किये गये हस्तक्षेप मामलों की कुल संख्या ३,५२८ थी। जबकि १९५८ में ३,४४४ तथा १९५७ में ३,३८५ थी। १९५८ की संख्या की तुलना में १,९५९ में दर्ज किये गये मामलों में ८४ की नाममात्र की वृद्धि हुई। १९५९ की अवधि में ३,७२४ मामलों का। जिसमें पिछले वर्ष के २२१ मामले सम्मिलित हैं। अनुसंधान किया गया, जबकि १९५८ ई० में ३,५८४ मामलों का अनुसंधान किया गया था १९५८ में १,६५९ सिद्धदोष मामलों की तुलना में १९५९ ई० में सिद्धदोष मामलों की संख्या

१५८७ थी। इस प्रकार १९५७ के ४७.६ प्रतिशत तथा १९५८ के ४६.३ प्रतिशत की तुलना में वर्ष १९५९ में अभिशंसन (Conviction) का प्रतिशत ४२.६ था। पिछले तीन वर्षों में जो जघन्य अपराध हुये हैं, उनके विशिष्ट वर्गों का विवरण नीचे दिया जाता है :

अपराध	१९५७	१९५८	१९५९
डकैती	३	४	७
लूटमार	२३	१३	३०
हत्या	७	७	७
जहर देना	१५	१५	१४
सदोष मानव हत्या	४	४	५

उपर्युक्त आंकड़ों से यह विदित होगा कि डकैतियां तथा लूटमारों के मामलों की संख्या में, १९५७ तथा १९५८ के वर्षों की तुलना में वृद्धि हुई है। ये मामले सम्पूर्ण राज्य में हुये थे। हत्या, जहर देने तथा सदोष मानव हत्या के मामलों के सम्बन्ध में स्थिति लगभग अपरिवर्तित ही रही। डकैती के ४, लूटमार के १६, हत्या के ४, जहर देने का १ तथा सदोष मानव हत्या के २ मामलों का पता लगाया गया और अभियुक्तों को न्यायालय में विचार के लिये भेज दिया गया। वर्ष १९५९ के अन्त तक डकैती के २, लूटमार के १०, हत्या के ३, जहर देने के ६, और सदोष मानस हत्या के २ मामलों में अनुसंधान किया जा रहा था तथा शेष मामले अर्थात डकैती का १, लूटमार के ४, जहर देने के ७, तथा सदोष मानव हत्या का १, ऐसे रहे, जिनका पता नहीं लगाया जा सका। डकैती के मामलों में पर्याप्त रुप से अच्छे परिणाम निकले क्योंकि अनुसन्धान के अन्तर्गत दो मामलों में अपराधी गिरफ्तार कर लिये गये थे और उक्त मामले १९५९ के अन्त तक चालान कर देने के योग्य हो गये थे। इन मामलों में जो चीजें बरामद की गई वे भी काफी अच्छी मात्रा में थीं।

१९५९ की अवधि में सभी शीर्षकों के अन्तर्गत चुराई गई सम्पत्ति का मूल्य १२,७१, ७०४ रुपये तथा बरामद की गई सम्पत्ति का मूल्य ४,८३,०४८ रुपये था जबकि १९५८ में चुराई गई सम्पत्ति का मूल्य ८,९९,६९८ रुपये तथा बरामद की गई सम्पत्ति का मूल्य २,०२,६०१ रुपये और १९५७ में चुराई गई सम्पत्ति का मूल्य ९,०३, ६७५ रुपये तथा बरामद की गई सम्पत्ति का मूल्य २,३५,४९३ रुपये था। इस प्रकार १९५९ में बरामद की गई सम्पत्ति का प्रतिशत ३७.१ था जबकि १९५८ में २२.५ प्रतिशत तथा १९५७ में २६.६ प्रतिशत था। संदर्भ गत पिछले वर्षों की तुलना में वर्ष १९५९ में सम्पत्ति के बरामद होने का प्रतिशत सबसे अधिक था। पिछले दो वर्षों की अवधि में की गई सभी प्रकार की चोरियों के तुलानात्मक आंकड़े नीचे दिये जाते हैं :--

चोरी की किस्म	१९५८	१९५९	अन्तर
चलती हुई माल गाड़ी से ..	८५	९०	+५
चलती हुई सवारी गाड़ी से ..	४३३	४२३	−१०
मुसाफिरखानों तथा प्लेटफार्मों से ..	५९६	५५८	−३८
रेलवे प्रागंण तथा मालगोदामों से ...	४७५	५११	+३६
विविध	६८८	६७७	−११
योग ..	२२७७	२२५९	−१८

उपर्युक्त आंकड़ों से विदित होगा कि चलती हुई माल गाड़ियों में चोरियों के मामलों में ५ की नाममात्र वृद्धि हुई जबकि चलती हुई सवारी गाड़ियों में १० की नाममात्र कमी हुई। ऐसी चोरियों के सम्बन्ध में मैं प्रतीत होता है कि स्थिति अब स्थिर सी हो गई है।

दुर्घटनायें—रेल दुर्घटना के फलस्वरूप एक व्यक्ति मारा गया। अन्य दुर्घटनाओं में १२८१ व्यक्ति मरे और ३२१ घायल हुये। आत्महत्याओं के मामले, १९५८ के २५६ से बढ़कर, १९५९ में ३१८ हो गये। मृत अथवा घायल रेलवे कर्मचारियों की संख्या १९५८ के ९८ से घटकर, १९५९ में ८५ रह गई। रेल की पटरी पार करते हुये मरे अथवा घायल व्यक्तियों की संख्या १९५९ में ८७२ थी, जबकि १९५८ में ९५९ थी और उन व्यक्तियों की संख्या, जो डिब्बों में चढ़ते या उनसे उतरते समय मरे या घायल हुये, १९५९ में २२७ थी, जबकि १९५८ में २९५ थी।

बिना टिकट यात्रियों के अवेक्षक—बिना टिकट यात्रा रोकने की योजना १९५९ में चलती रही। इस योजना में नियुक्त कर्मचारियों में १३ सब-इन्स्पेक्टर, ४७ हेड कान्स्टेबुल और ३०७ कान्स्टेबुल हैं। सरकारी रेलवे पुलिस के कर्मचारियों की वर्तमान संख्या अपराधों को प्रभावी ढंग से रोकने के लिये सदैव पर्याप्त नहीं पाई गई है। इस भार के बढ़ने की अपेक्षाकृत अधिक संभावना है, क्योंकि रेलवे ऐक्ट की धारा १०८ या ११२ हस्तक्षेप बना दी गई हैं और इससे पहले से ही अपर्याप्त सरकारी रेलवे पुलिस के कर्मचारियों पर स्वाभाविक रूप से भार बढ़ जायगा। इस अपर्याप्तता के बावजूद भी अपराध की स्थिति सर्वथा सन्तोषजनक रही। हिंसा के अपराधों में किंचित् वृद्धि हुई है। इससे अपराधियों की चलती हुई गाड़ियों में ऐसे अपराधों को करने की बढ़ती हुई प्रवृत्ति और ऐसे अपराधों को रोकने की आवश्यकता व्यक्त होती है।

इस वर्ष सरकारी रेलवे पुलिस ने बहुत से महत्वपूर्ण मामलों का सफलता से पता लगाया जिनमें से कुछ मामलों के विवरण नीचे दिये जाते हैं।

चलती हुई गाड़ियों में डकैती के दो मामलों में से एक अलीगढ़ और दाउदी खां स्टेशनों के बीच १२ नम्बर की डाउन ट्रेन से तीसरे दर्जे की डिब्बे में हुआ और दूसरा मैथा और कानपुर के बीच दूसरे दर्जे के डिब्बे में हुआ। इनके संबंध में क्रमशः तीन और चार डकैत गिरफ्तार कर लिये गये हैं।

फूलपुर और फाफामऊ स्टेशनों के बीच अपर इंडिया एक्सप्रेस में लूटमार के एक अन्य महत्वपूर्ण मामले में, जिसमें ३ अपराधियों ने पिस्तौल तथा चाकू दिखाकर १८१७ रु० के जेवर तथा नगद धनराशि यात्रियों से छीन ली, सरकारी रेलवे पुलिस द्वारा की गई तुरन्त कार्यवाही के फलस्वरूप सभी अपराधियों को जबकि अपराधी एक ट्रक से भागने का प्रयत्न कर रहे थे, गिरफ्तार कर लिया गया और समस्त सम्पत्ति बरामद हो गई। बरेली के सरकारी रेलवे पुलिस, ने संदिग्ध सम्पत्ति तथा खून लगे कपड़ों सहित २ डकैतों को गिरफ्तार कर लिया।

जिला खीरी में देवकली स्टेशन के समीप एक रेल गाड़ी में ४ अपराधियों ने स्टेट बैंक आफ इंडिया के रक्षक तथा खजांची को गोली मार दी और वे ढाई लाख रुपये रुपये लेकर भाग गये। स्थानीय पुलिस तथा ग्रामीणों की त्वरित और साहसिक कार्यवाही के परिणाम स्वरूप अपराधियों में से २ गिरफ्तार कर लिये गये, दो अपराधियों की मृत्यु उनके लगी चोटों से हो गई और नकदी का सन्दूक जैसा का तैसा बरामद कर लिया गया। यह मामला डकैती शीर्षक के अन्तर्गत पहले ही विस्तार से दे दिया गया है।

सरकारी रेलवे पुलिस ने बहुत बड़ी संख्या में यात्रियों को मेले तथा त्योहारों के अवसरों पर उनकी यात्राओं में सहायता दी। सरकारी रेलवे पुलिस ने ८७ खोये हुये बच्चों को भी उनके माता पिता के पास पहुंचाया।

२८--प्रादेशिक सशस्त्र पुलिस दल--प्रादेशिक सशस्त्र पुलिस दल वर्ष भर सराहनीय कार्य करता रहा और उसने अपनी कार्यदक्षता, अनुशासन तथा नैतिकता राज्य के भीतर तथा बाहर बनाये रखी।

आलोचना वर्ष के प्रारम्भ में प्रादेशिक सशस्त्र पुलिस के दल में कुल मिलाकर ८४ कम्पनियां थीं, जो १३ बटालियनों में विभक्त थीं। इनमें से राज्य के अन्तर्गत कर्तव्य पालन करने के लिये, ६३, कम्पनियों उपलब्ध रहीं जबकि अन्य कम्पनियां भारत सरकार संबंधी कर्तव्यों का पालन करने में लगी रहीं। इनमें से १६ कम्पनियां राज्य के बाहर रहीं।

प्रादेशिक सशस्त्र पुलिस का एक बड़ा दल इस राज्य में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदश तथा राजस्थान की सीमाओं पर, डकैती निरीक्षक कार्यवाहियों के लिये, गत वर्ष की भांति, रखा गया। इस दल ने एक बार फिर अपने कार्य का अच्छा परिचय दिया, यद्यपि उसे अपने कर्तव्यों का निर्वहन क्रियात्मक, भूतल विषयक (Topographical) तथा रहन सहन की कठिन परिस्थितियों में करना पड़ा। अनेक अवसरों पर प्रादेशिक शसस्त्र पुलिस दल के सिपाही वीरता के साथ भयंकर डाकुओं से लड़े और अपने जान को जोखिम में डालकर लोगों की जान तथा माल की रक्षा की। प्रादेशिक सशस्त्र पुलिस दल बड़े पैमाने की डकैतियों की समस्याओं, मेलों तथा उत्सवों की व्यवस्था करने में, विशेष रूप से इलाहाबाद के अर्ध कुंभ मेलों में और सरकार के मुख्यालय पर विधान सभा तथा विधान परिषद् में ड्यूटी देने, इलाहाबाद और कानपुर में अशान्ति के समय की नाजुक ड्यूटी देने कानपुर के टेस्ट मैच, वाराणसी, इलाहाबाद तथा लखनऊ के विश्वविद्यालयों के आन्दोलनों, निर्वाचनों तथा उप निर्वाचनों से सम्बन्धित ड्यूटियों तथा केन्द्रीय सरकार तथा अन्य देशों के विशिष्ट व्यक्तियों के जैसे परम पवित्र दलाई लामा, राष्ट्रपति आइजनहावर, सोवियत समाजवादी गणतन्त्र संघ के राष्ट्रपति तथा प्रधान मंत्री आगमन से सम्बन्ध आवश्यक कर्तव्य का पालन करने में जिला पुलिस को मूल्यवान सहायता देता रहा।

खेल-कूद तथा सांस्कृतिक कार्य-कलाप के क्षेत्र में भी प्रादेशिक सशस्त्र पुलिस दल ने अपना योग दिया और उत्तर प्रदेश पुलिस के लिये यश का अर्जन किया।

२९--राजकीय रेडियो अनुभाग--रेडियो अनुभाग शान्ति तथा व्यवस्था बनाये रखने, डकैती निरोधक कार्यवाहियां, करने, भीड़ नियंत्रित करने तथा विशिष्ट व्यक्तियों के आगमन, खुले हुये स्थानों के बन्दी शिविरों तथा उप निर्वाचनों के सम्बन्ध में अत्यन्त उपयोगी सेवा करता रहा।

१९५९ की अवधि में रेडियो स्टेशन लाइसेंसों की कुल संख्या २२६ रही, जैसी कि १९५८ में थी और रेडियो स्टेशनों की स्वीकृत संख्या, जैसी कि १९५८ में थी, १७७ रही। इस ग्रिड में १०८ स्थायी स्टेशन तथा ६९ अस्थायी स्टेशन थे। १९५९ में भेजे गये रेडियोग्राम सन्देशों में कुछ वृद्धि हुई जो १९५८ के ५,२५,३२० तथा १९५७ के ४,६३,७२४ सन्देशों की तुलना में, १९५९ में ६,२७,१०७ थे। भेजे गये सन्देशों की संख्या में लगभग २० प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि मुख्यतया इलाहाबाद और लखनऊ के विश्वविद्यालयों के उपद्रवों तथा कानपुर में दंगों और बहुत बड़ी संख्या में विदेशी विशिष्ट व्यक्तियों के आगमन के कारण हुई।

इस वर्ष की सबसे अधिक महत्वपूर्ण सफलता उन दो दिनों में ३६ नये स्टेशन स्थापित करके प्राप्त की गई, जबकि राष्ट्रपति आइजनहोवर का आगमन तथा कानपुर का टेस्ट मैच एक साथ पड़ा।

इस वर्ष की अन्य उल्लेखनीय सफलताओं में, ऊंचे स्थानों पर स्थित हमारे स्टेशनों में से चार स्टेशनों में अन्तरिक्ष विज्ञान सम्बन्धी सज्जा का अधिष्ठापन किया जाना था। ये स्टेशन अब ऋतु सूचक स्टेशनों के रूप में कार्य कर रहे हैं और ऋतु का ठीक-ठीक पूर्वानुमान कराने में अत्यन्त सहायक तथा उपयोगी सिद्ध हुये हैं।

केन्द्रीय वर्कशाप और अन्वेषण तथा विकास अनुभाग ने डिजाइनें तथा नई सज्जा तैयार करने में अच्छा कार्य किया, जिसके फलस्वरूप ३०,००० रुपये की बचत हुई।

लखनऊ के महानगर में रेडियो अनुभाग के मुख्यावास का भवन तैयार होने वाला है और यह आशा की जाती है कि अगले वर्ष रेडियो अनुभाग नये भवन में चला जायगा। इसके साथ ही अधिकारियों तथा कर्मचारियों की आवास सम्बन्धी वर्तमान कठिनाइयां भी दूर हो जायेंगी।

पिछले वर्षों में इस संगठन का कार्य बहुत ज्यादा बढ़गया है और इसका कार्य क्षेत्र दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है। इस पर भी रेडियो अनुभाग के कार्यकर्त्ताओं का अनुशासन तथा मनोबल उच्च कोटि का बना रहा है, इनके लिये नियत किये गये बड़े-बड़े कार्यों को उन्होंने सहर्ष सम्पन्न किया।

३०—मोटर परिवहन अनुभाग—पुलिस मोटर परिवहन समूह में ६८८ मोटर गाड़ियां तथा २७ मोटर सायकिलें हैं, जो जिला पुलिस दल तथा उत्तर प्रदेश प्रादेशिक सशस्त्र पुलिस दल की बटालियनों के अधिकार में हैं। इसके अतिरिक्त ६९ मोटर गाड़ियां तथा १२ मोटर साइकलें भारत सरकार की ३ बटालियनों के पास हैं। १०२ ऐसी मोटर गाड़ियां है जो चालू अवस्था में नहीं हैं और या तो मरम्मत की प्रतीक्षा में हैं या उनकी मरम्मत विभिन्न फर्मों और पुलिस मोटर ट्रान्सपोर्ट वर्कशाप, सीतापुर में हो रही है। बहुत सी गाड़ियां बहुत पुरानी हो गई हैं और उनको चलाना अलाभकर है, क्योंकि उनमें बड़ी मात्रा में चिकनाई खर्च होती है और हर साल उनकी अत्यधिक मरम्मत करानी पड़ती है। वर्ष के अधिकतर भाग में वे चलाई भी नहीं जाती हैं। पिछले कई वर्षों में हमारे पास धन की कमी होने के कारण इन उपयोगितातीत गाड़ियों को बदलना भी संभव नहीं हो सका। पुलिस विभाग की आवश्यकताओं की जांच करने तथा मोटर परिवहन के लिये गाड़ियों की पुनरीक्षित संख्या नियत करने तथा ऐसी समस्त गाड़ियों को जिनकी कम खर्च में मरम्मत नहीं हो सकती है, खासकर डिस्पोजल से पुरानी खरीदी हुई गाड़ियां बदलने के लिये अपेक्षित धनराशि की सिफारिश करने के लिये सरकार द्वारा एक तदर्थ मोटर परिवहन समिति पहले ही बनाई जा चुकी है।

सीतापुर के पुलिस मोटर परिवहन वर्कशाप का कार्य वर्ष पर्यन्त सन्तोषजनक रहा और इसमें १९५९ में १८१ गाड़ियों की मरम्मत की गई जबकि १९५८ में १८५ गाड़ियों की तथा १९५७ में १४८ गाड़ियों की मरम्मत की गई थी।

सीतापुर के पुलिस मोटर परिवहन वर्कशाप में ५६ आदमियों को ड्राइवरी का प्रशिक्षण दिया गया। १९५९ की अवधि में कोई यांत्रिक पाठ्यक्रम अथवा हेड-कान्स्टेबुल मोटर ट्रान्सपोर्ट कोर्स नहीं चलाया गया।

३१—ग्राम पुलिस (गांव के चौकीदार)—१९५९ के अन्त में गांव के चौकीदारों की कुल संख्या ४६,७८१ थी, जबकि १९५८ में ४७,२०७ तथा १९५७ में ४७,८१५

था। इनमें से १९५९ में ४५,५७७ स्थायी और १,२०४ अस्थायी चौकीदार थे, जबकि १९५८ में ४५,५७७ स्थायी और १६३० अस्थायी तथा १९५७ में ४५, ५७७ स्थायी और २,२३८ अस्थायी थे। इस प्रकार गांवों के अस्थायी चौकीदारों की संख्या धीरे-धीरे प्रतिवर्ष कम की जा रही है। १९५९ में ३७.८३७ गांवों के चौकीदारों को ८२,५८९.६७ की की धनराशि के पुरस्कार दिये गये, जबकि १९५८ में ३८,९४० गांवों के चौकीदारों को ९२,७९९.१३ रु० की धनराशि के पुरस्कार स्वीकृत किये गये थे और १९५७ में ३८,४०० गांवों के चौकीदारों को ९४,०१५ रु० के पुरस्कार मिले थे।

प्रतापगढ़ जिले के पुलिस सर्किल बघरई में तथा बुलन्दशहर के पुलिस सर्किल सिकन्दराबाद में १९५५ में प्रयोगात्मक रूप से गांव के चौकीदारों के स्थान पर गश्ती सिपाहियों (बीट कान्स्टेबुलों) को रखा गया था।

३२--लिपिक कर्मचारी वर्ग--लिपिक कर्मचारियों की अपर्याप्तता, विशेषरूप से जिला पुलिस कार्यालयों, में सामान्यतया (अनुभव) की गई है, सभी प्रकार के कार्य में वृद्धि होने के कारण काम को पूरा करने के लिये कभी-कभी पढ़े-लिखे सिपाहियों को भी बुला लिया गया था।

३३--भरती--१९५९ में १० डिप्टी सुपरिन्टेन्डेन्ट पुलिस पत्रित अधिकारी ४८ सब-इन्स्पेक्टर, १७ असिस्टेन्ट पब्लिक प्रोसीक्यूटर (सहायक सरकारी अभियोक्ता) तथा ८८३ कान्स्टेबुल भरती किये गये, जबकि १९५८ में १० डिप्टी सुपरिन्टेन्डेन्ट (पत्रित अधिकारी), ११३ सब-इन्स्पेक्टर सी० पी० ७ असिस्टेन्ट पब्लिक प्रासीक्यूटर तथा १५५७ कान्स्टेबुल तथा १९५७ में ११ डिप्टी सुपरिन्टेन्डेन्ट पुलिस (पत्रित अधिकारी), १०० सब-इन्स्पेक्टर सी० पी०, २५ असिस्टेन्ट पब्लिक प्रोसीक्यूटर, तथा ११८.कान्स्टेबुल भरती किये गये थे। १९५९ में भारतीय पुलिस सेवा (आई० पी० एस० के ५ अधिकारी पुलिस सहायक अधीक्षक उत्तर प्रदेश के लिये भी नियत किये गये थे। आलोच्य वर्ष में जिलों में उपयुक्त प्रकार के नये कान्स्टेबुलों के मिलने से सामान्यतया कोई विशेष कठिनाई अनुभव नहीं की गई।

३४--प्रशिक्षण--(१) पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय--पुलिस ट्रेनिंग कालेज १९५९ में १४ पत्रित अधिकारियों ने पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण की। वे इस प्रकार हैं :--

(१) भारतीय पुलिस सेवा (आई० पी० एस०) के अधिकारी .. ५

(२) राज्य पुलिस अधिकारी अर्थात् डिप्टी सुपरिन्टेन्डेन्ट पुलिस .. ९

एक राज्य पुलिस अधिकारी ने प्रशिक्षण की अवधि में अप्रैल १९५९ में त्याग-पत्र दे दिया और मुंसिफ के पद का कार्यभार ग्रहण किया।

१९५९ में भारतीय पुलिस सेवा (आई० पी० एस०) के ५ तथा राज्य पुलिस के १० अधिकारी महाविद्यालय में भरती हुये, परन्तु राज्य पुलिस सेवा के १ अधिकारी अगस्त, १९५९ से यू० पी० सिविल सर्विस (एक्जीक्यूटिव) में चले गये। उन पांच भारतीय पुलिस सेवा (आई० पी० एस०) के अधिकारियों में से जो १९५८ के अन्त में प्रशिक्षण पा रहे थे, एक अधिकारी को जनवरी १९५९ में जिले में तैनात कर दिया गया और शेष ४ अधिकारियों को जून, १९५९ में जिलों में तैनात किया गया। राज्य पुलिस सेवा के ९ अधिकारियों में से ७ अधिकारियों को अक्टूबर, १९५९ में तथा १ अधिकारी को दिसम्बर, १९५९ में जिले में तैनात किया गया, जबकि १ अधिकारी भारतीय पुलिस सेवा में चुन लिये जाने पर अक्टूबर, १९५९ में सेन्ट्रल पुलिस ट्रेनिंग कालेज, माउन्ट आबू चले गये। १९५९ के अन्त में भारतीय पुलिस सेवा (आई० पी० एस०) के ५ तथा राज्य पुलिस सेवा के ९ अधिकारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। १९५९ में

सामान्य कर्मचारियों में से पदोन्नति पाये हुये ११ पत्रित अधिकारियों के लिये, पी० ए० सी० के २ तथा अपराध अनुसन्धान विभाग के १ अधिकारी को सम्मिलित करके। त्रैमासिक अभिनवन प्रशिक्षण पाठ्यक्रय का भी आयोजन किया गया। प्रादेशिक सशस्त्र पुलिस दल (कान्स्टेबुलरी) के अधिकारियों को जो इस पाठ्यक्रम में सम्मिलित हुये थे, अभिनवन पाठ्यक्रम के समाप्त होने पर दो मास का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के निमित्त जिलों में भी भेजा गया, क्योंकि उन्हें जिलों में अपराधों के पर्यविक्षण का पूर्व ज्ञान नहीं था।

सिविल पुलिस के ऐसे सब-इन्स्पेक्टरों के लिये जिनकी ५ से १० वर्ष तक की सेवा हो गयी हो, एक नवीकरण पाठ्यक्रम, जो सब-इन्स्पेक्टरों को, स्टेशन अधिकारियों को, श्रमसाध्य कर्तव्यों के लिये तैयार करने के उद्देश्य से १९५८ में आरम्भ किया गया था, १९५९ में जारी रहा। १९५८ से जारी किये गये एक पाठ्यक्रम में इस नवीकरण प्रशिक्षण को १९५९ में ३२ सब-इन्स्पेक्टरों ने पूरा किया और दूसरा पाठ्यक्रम जारी रहा तथा १९५९ में समाप्त हो गया। इस प्रकार का एक अन्य नवीकरण पाठ्यक्रम, जिसमें १३ सब-इन्स्पेक्टर उपस्थित थे; अक्तूबर, १९५९ से प्रारम्भ हुआ और १९५९ के अन्त तक जारी रहा। सर्किल निरीक्षकों के रूप में पदोन्नति के लिये अनुमोदित सब-इन्स्पेक्टरों के लिये अन्य प्रकार का नवीकरण पाठ्यक्रम भी १९५९ में फरवरी और मई के बीच में आरम्भ किया गया और ८ सब-इन्स्पेक्टरों ने इस पाठ्यक्रम में भाग लिया।

सिविल पुलिस के सब-इन्स्पेक्टरों का १९५९ का सत्र १४ जनवरी, १९५९ से प्रारम्भ हुआ और २७ दिसम्बर, १९५९ को समाप्त हुआ। इसमें ११४ प्रवीरक (Cadets) थे, जिनके ब्योरे नीचे दिये गये हैं :—

(१)	लोकप्रवीरक	..	६२
(२)	सामान्य (Ranker) प्रवीरक	..	४०
(३)	अन्य प्रशासन	..	१२
(४)	दिल्ली राज्य प्रवीरक	..	८
(५)	सिक्किम राज्य प्रवीरक	..	३
(६)	पोर्ट ब्लेअर (अंडमन) प्रवीरक	..	१

सभी ११४ प्रवीरक अन्तिम परीक्षा में बैठे और इनमें से ११० अंकों के योग को भी शामिल करके समस्त विषयों में उत्तीर्ण हुये। ४ प्रवीरकों में से, जो अनुत्तीर्ण हुये थे, २ को परीक्षा बोर्ड द्वारा अनुग्रहांक (Grace marks) दिये गये और उनके उत्तीर्ण होने की घोषणा की गई, जबकि शेष २ तीन मास के पश्चात् पुनः परीक्षा के लिये रोक लिये गये। प्रवीरकों में से ४ को "जेड" प्रवीरक घोषित किया गया।

सहायक लोक अभियोक्ता प्रवीरकों (Assistant public Prosecutor cadet) का पाठ्यक्रम १४ जनवरी, १९५९ से प्रारम्भ हुआ और २७ दिसम्बर, १९५९ को समाप्त हो गया। इसमें २८ प्रशिक्षणार्थी थे। वे सब अन्तिम परीक्षा में बैठे लेकिन उनमें से २५ समस्त विषयों में उत्तीर्ण हुये और १ अनुग्रहांक (Grace mark) देकर उत्तीर्ण होने की घोषणा की गई। शेष २ उर्दू में अनुत्तीर्ण हुये और उनकी १९६० के सत्र के प्रवीरकों के साथ पुनः परीक्षा ली जायगी। १९५८ के सत्र का १ प्रवीरक जो उर्दू में अनुत्तीर्ण हुआ था, १९५९ में पुनः परीक्षा में बैठा एवं उत्तीर्ण हुआ। अपराध अनुसन्धान विभाग (C. I. D.) के २ सब-इन्स्पेक्टर १९५९ में सब-इन्स्पेक्टरों के पाठ्यक्रम में सम्मिलित हुये और अक्तूबर, १९५९ में अपने प्रशिक्षण की समाप्ति के पश्चात् उन्होंने पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय को छोड़ दिया।

२६ हेड कान्स्टेबुल सी० पी० पाठ्यक्रम ७ जुलाई, १९५८ से आरम्भ हुआ और ५ मार्च, १९५९ को समाप्त हो गया। इस पाठ्यक्रम में २०३ प्रवीरक थे,

जिसमें ३ सिक्किम राज्य के सम्मिलित थे। १९५९ में सब-इन्स्पेक्टर सी० पी० पाठ्यक्रम के लिये चुने जाने पर उनमें से १ ने प्रशिक्षण छोड़ दिया और सभी शेष २०२ प्रवीरक अन्तिम परीक्षा में बैठे और सफल घोषित किये गये। उनमें से ६ "बाई" प्रवीरक घोषित किये गये।

२७ हेड कान्स्टेबुल, सी० पी० पाठ्यक्रम २७ मार्च, १९५९ को आरम्भ हुआ और २७ दिसम्बर, १९५९को पूरा हुआ। इसमें २१३ प्रवीरक थे, जिनमें ४ एंडमान और ३ सिक्किम राज्य के सम्मिलित थे। इनमें से १ परीक्षा में नहीं बैठ सका और इस प्रकार कवल २१२ प्रवीरक परीक्षा में बैठे। इनमें से २०९ सफल हुये और शेष ३ दो मास के पश्चात् पुनः परीक्षा के लिये रोक लिये गये, क्योंकि वे कुल जोड़ में अनुत्तीर्ण थे। ४ प्रवीरक "बाई" प्रवीरक घोषित किये गये।

अपराध अनुसन्धान विभाग (C. I. D.) में सीधे भर्ती किये गये ११ हेड कान्स्टेबुल भी हेड कान्स्टेबुल पाठ्यक्रम में जनवरी के मध्य से नवम्बर, १९५९ तक उपस्थित रहे। उनमें से सभी पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण हुये।

प्रशिक्षण के अधीन समस्त अधिकारियों एवं व्यक्तियों के लिये भोजन व्यवस्था की ओर विशेष ध्यान दिया गया। मनोरंजन के लिये पर्याप्त सुविधायें भी दी गयीं। पुलिस के प्राविधिक विषयों पर बल देने के अतिरिक्त सामान्य ज्ञान और पुलिस की व्यावहारिक कार्य-प्रणाली के विषयों पर सविस्तार व्याख्यानों की भी व्यवस्था की गई थी। प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करने के लिये प्रसिद्ध सार्वजनिक व्यक्तियों और वरिष्ठ पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया था। ये व्याख्यान बड़े ही लाभप्रद और और शिक्षात्मक पाये गये।

(२) सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र---इस संस्था द्वारा १९५९ में १४ पाठ्यक्रमों को आरम्भ एवं समाप्त किया गया। इनके अतिरिक्त ५ पाठ्यक्रम, जो १९५८ में आरम्भ किये गये थे, १९५९ में पूरे हो गये और अन्य ५ पाठ्यक्रम १९५९ में आरम्भ किये गये और आलोच्य वर्ष के अन्त तक जारी रहे। सब मिलाकर वर्ष में ७२५ प्रशिक्षणार्थियों का प्रबन्ध किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस की सशस्त्र शाखा की समस्त पदोन्नति, नवीकरण और विशिष्ट पाठ्यक्रमों से संबंधित कार्य करने के अतिरिक्त सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण कन्द्र, सीतापुर, अन्य राज्यों और विभागों के प्रशिक्षणार्थियों से सम्बन्धित कार्य करता ह तथा उनको प्रशिक्षण देता है और पाठ्यक्रम का जैसे "शैडो" और "टियर गैस", जो सशस्त्र शाखा के अधीन विशुद्ध रूप से नहीं आते हैं, संचालन करता है।

(३) शिक्षा---पुलिस दल के अशिक्षित सदस्यों को शिक्षित करने का प्रयत्न जारी रहा। १९५८ के अन्त में ११०४ और १९५७ के अन्त में १३७१ की तुलना में १९५९ के अन्त में ८२४ अशिक्षित व्यक्ति थे।

(४) जनसेवक---इस पत्रिका के २ अंक १९५९ में प्रकाशित हुये। सूचीबद्ध अभिदाताओं की संख्या १९५९ में १३७३ थी और १९५८ के अन्त में ३५०० की तुलना में १९५९ के अन्त में अभिदाताओं की कुल संख्या ३,१६६ थी। १९५८ में १४,००० रुपये की तुलना में १९५९ में अभिदानों से अर्जित आय की धनराशि ५,९४९.६४ रु० थी। इस पत्रिका ने पुलिस के कार्य कलापों को लोकप्रिय बनाने और पुलिस दल की नैतिकता को काफी हद तक ऊंचा उठाने के कार्य को पूरा किया।

(५) जनता के साथ सहयोग---पुलिस जनता के पारस्परिक सम्बन्धों को सुधारने का निरन्तर प्रयत्न किया गया। सूचना कक्षों, उड़न दस्तों, खोये हुये बच्चों की इकवाड्स हम लोगों के लिये कई सेवा स्क्वाड्स आदि ने सराहनीय कार्य किये और

अनेक अवसरों पर उड़न दस्तों द्वारा किये गये कार्य के कारण स्थिति तत्काल नियंत्रण में आ गयी। अधिकांश जिलों में विनय पक्षों और अपराध निरोध सप्ताहों को संगठित किया गया था, जिनसे पुलिस को जनता के निकट लाने में अच्छे परिणाम निकले।

अपराधियों का मुकाबला करने के लिये जनता को संगठित करने के निमित्त १९५३ में स्थापित ग्राम रक्षा समितियों ने सम्पूर्ण राज्य में बहुत अच्छा कार्य करना जारी रखा। समितियों के सदस्यों से दस्यु दल और बदमाशों से सफल मुठभेड़ें हुयीं यद्यपि उनमें से कुछ में ग्रामवासियों की मृत्यु हुई। बुलन्दशहर में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लड़ने के लिये ग्राम रक्षा समितियों को आग्नेय शस्त्रों से सुसज्जित करने के निमित्त ग्रामवासियों ने बड़ी धनराशि अंशदान में दी।

पुलिस स्टेशनों पर अभियोगों की ठीक रिपोर्ट एवं पंजीयन को सुनिश्चित करने और सामूहिक सम्पर्क स्थापित करने के दृष्टिकोण से राजपत्रित पदाधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों का बारम्बार आकस्मिक निरीक्षण किया। इसके द्वारा भी पुलिस और जनता के बीच की खाई कम हुई।

दैवी विपत्तियों के अवसरों पर पुलिस कर्मचारियों ने बड़ी सहायता प्रदान की। बाढ़ और आकस्मिक रूप से आग लगने आदि के मामलों में पुलिस कर्मचारियों ने जनता के साथ सहयोग किया, निरन्तर कार्य किया और जरूरतमन्द लोगों को बड़ी सहायता प्रदान की। इस सम्बन्ध में उनका कार्य बहुत उच्च कोटि का रहा और उन्हें व्यापक प्रसंशा प्राप्त हुई।

पुलिस कर्मचारियों ने वृद्ध एवं रुग्ण व्यक्तियों को सहायता प्रदान की और बहुत से स्नान करते हुये व्यक्तियों को डूबने से बचाया। उनके अच्छे कार्यों की सराहना में जनता ने बड़ी संख्या में पारितोषिक दिये।

कानपुर और इलाहाबाद की नदी पुलिस ने मेलों और त्योहारों के अवसर पर बहुत से व्यक्तियों को डूबने से बचाकर बहुमूल्य सेवा की।

पुलिस ने ९४५८ खोये हुये बच्चों को उनके माता पिता को वापस दिलाने और ४१४ अवसरों पर खोयी हुई मूल्यवान सम्पत्ति को उनके मालिकों को वापस दिलाने में सराहनीय कार्य किया।

जनता के प्रति पुलिस के व्यवहार एवं उनकी समस्याओं के प्रति मानवीय पहुंच पर बल दिया जाना जारी रहा। विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों पर समस्त श्रेणियों के प्रशिक्षण में पुलिस बल के कर्मचारियों में जन सेवा की भावना हृदयंगम कराने की आवश्यकता पर जोर दिया जाना जारी रहा। केवल इसके द्वारा जनता की सद्भावना प्राप्त की जा सकती है और जन सहयोग मिल सकता है और पुलिस एवं सर्वसाधारण के बीच की खाई पाटी जा सकती है।

३५—अनुशासन—१—अनुशासनिक कार्यवाही—भ्रष्टाचार के उन्मूलन के लिये समस्त संभव प्रयत्न किये गये। राजपत्रित अधिकारियों द्वारा समय-समय पर आकस्मिक जांच की गयी और भ्रष्टाचार पूर्ण कार्यवाही को रोकने के लिये अधीनस्थ कर्मचारियों के कार्य-कलापों पर कड़ी दृष्टि रखी गयी। अपराधों को कम करने और छिपाने की शिकायतों पर उग्र कार्यवाही की गई और बेईमानी तथा अदक्षता की सभी शिकायतों की उत्साह पूर्वक जांच की गयी और चूक करने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की गई। परिवाद योजना गत चार वर्षों से अच्छे परिणामों के साथ काम कर रही है।

गत तीन वर्षों में की गई अनुशासनिक कार्यवाही के तुलनात्मक आंकड़े नीचे दिये गये हैं :—

दंड का प्रकार	१९५७		१९५८		१९५९	
	अधीनस्थ अधिकारी	पुरुष	अधीनस्थ अधिकारी	पुरुष	अधीनस्थ अधिकारी	पुरुष
१—पदच्युति ..	२२	२६१	१३	२२९	४	२७३
२—पदच्युति के अतिरिक्त अन्य विभागीय दंड ..	२३५	९१७	२४३	९०६	३५५	१,०६२
न्यायालयों द्वारा सिद्धदोष—						
१—पुलिस और प्रान्तीय सशस्त्र पुलिसदल अधिनियम के अधीन	८	९	—	१७	—	३
२—भारतीय दंड संहिता की धारा ३३०/३३१/३४८ के अधीन	—	१	—	—	—	—
३—भारतीय दंड संहिता के अध्याय ९ के अधीन	—	१	—	३	—	—
४—अन्य अपराधों के अधीन	२	२२	२	११	१	१९

भ्रष्टाचार के आरोपों पर की गयी कार्यवाही के व्योरे नीचे दिये गये हैं :—

की गयी कार्यवाही का वर्गीकरण	राजपत्रित अधिकारी	अपत्रित अधिकारी	लिपिक वर्गीय कर्मचारी
१—न्यायालय में अभियोजन			
(१) सिद्धदोष व्यक्तियों की संख्या ..	कुछ नहीं	४	कुछ नहीं
(२) विमुक्त व्यक्तियों की संख्या ..	कुछ नहीं	१३	कुछ नहीं
(३) न्यायालय में विचाराधीन ..	कुछ नहीं	३४	कुछ नहीं
२—विभागीय कार्यवाही—			
(१) पदच्युत अथवा हटाये गये व्यक्तियों की संख्या	कुछ नहीं	४९	कुछ नहीं
(२) उन व्यक्तियों की संख्या, जिन्होंने त्यागपत्र दिया	कुछ नहीं	४	कुछ नहीं
(३) अन्य प्रकार से दंडित व्यक्तियों की संख्या	कुछ नहीं	७७५	३
(४) विभागीय कार्यवाहियों में नियुक्त किये गये व्यक्तियों की संख्या ..	कुछ नहीं	३७	कुछ नहीं
(५) उन व्यक्तियों की संख्या, जिनके विरुद्ध वर्ष के अन्त में विभागीय कार्यवाही विचाराधीन थी	१	२०३	कुछ नहीं

२—त्यागपत्र और अभित्याग (Desertions)—१९५८ में क्रमशः ४०१ और १६ की तुलना में १९५९ में विभिन्न श्रेणियों के ३७६ व्यक्तियों ने त्याग–पत्र दिया और ८ व्यक्तियों ने नौकरी का अभित्याग किया।

३—पारितोषिक—अपने कर्त्तव्यों के पालन में किये गये सराहनीय कार्य के लिये सिविल पुलिस के १३,०१४ अपत्रित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को, सशस्त्र पुलिस के २,९४१ और अश्वारोही पुलिस के १५ व्यक्तियों को क्रमशः १,११,७७८ रु० १४ न० पै०, १६,६७८ रु० ४९ न० पै० और ७१ रु० की धनराशि का पारितोषिक स्वीकृत किया गया।

४—अलंकरण—१९५९ ई० में नीचे लिखे गये अधिकारियों और कर्मचारियों को पद (medals) और अलंकरण (Decorations) दिये गये :—

१—शौर्य के लिये पुलिस और आग्नेय सेवाओं सम्बन्धी राष्ट्रपति पदक:—

(१) स्वर्गीय श्री देवी प्रसाद, स्थानापन्न प्लैटून कमांडर, १७ बी०एन०, प्रान्तीयसशस्त्र पुलिस दल, आसाम। विसयोजन किया गया।

(२) स्वर्गीय श्री महेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस सब–इंस्पेक्टर, मेरठ।

(३) स्वर्गीय श्री भूल्लन सिंह, पुलिस सब–इंस्पेक्टर, सहारनपुर।

(४) श्री गोपाल कृष्ण बाजपेयी, आई०पी०एस०, पुलिस सुपरन्टेन्डेन्ट, उन्नाव।

२—दीर्घकालीन और योग्यतापूर्ण सेवाओं के लिये पुलिस और आग्नेय सेवा सम्बन्धी राष्ट्रपति पदक:—

(१) श्री शांति प्रसाद, आई० पी०, पुलिस उप–महा निरीक्षक, अभिसूचना, लखनऊ।

३—शौर्य के लिये पुलिस पदक:—

(१) श्री लालता प्रसाद, हेड कान्सटेबुल नं० १५०३८, १७ बटैलियन, प्रान्तीय सशस्त्र पुलिस दल, आसाम। विसयोजन किया गया।

(२) श्री राम अवध सिंह, असिस्टेन्ट कमांडेन्ट, १७ बटैलियन, प्रान्तीय सशस्त्र पुलिस दल, आसाम। विसयोजन किया गया।

(३) श्री पदम सिंह, हेड कांस्टेबुल नं० १५०३५, १७ बटैलियन, प्रान्तीय सशस्त्र पुलिस दल, आसाम। विसयोजन किया गया।

(४) श्री गजराज सिंह, कांस्टेबुल ड्राइवर नं० २४५२२, १७ बटैलियन, प्रान्तीय सशस्त्र पुलिस दल, आसाम। विसयोजन किया गया।

(५) श्री भंवर पाल सिंह, पुलिस सब–इंस्पेक्टर, आगरा।

(६) श्री मोहम्मद उल्लाह खां, कांस्टेबुल सी०पी०संख्या १३५, शाहजहांपुर।

(७) श्री वीरेन्द्र चन्द्र उप्रेती, रेडियो हेड आपरेटर संख्या ५७५, उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो अनुभाग, लखनऊ।

